26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 14 नवम्बर, 2025
अंक- 21 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# NDA की बंपर जीत बिहार में फिर नीतीश

## RJD हाफ, VIP साफ, कांग्रेस को तो 'पंजा' भी नहीं मिला



पटना ( एजेंसी/चिंगारी )। बिहार में अप्रत्याशित चुनाव परिणाम आये हैं। बीजेपीनीत एनडीए प्रचण्ड बहुमत की ओर बढ़ रहा है। इस चुनाव में महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा। जहां आरजेडी की सीटें पिछले चुनाव के मुकाबले आधी रह गईं, वहां कांग्रेस पांच का आंकड़ा भी नहीं छू पा रही। वीआईपी का तो सूपड़ा ही साफ हो गया। एग्जिट पोल में आरजेडी को सबसे बड़ा दल बताया जा रहा था, जबकि बीजेपी को तीसरे नम्बर पर दिखाया गया था, लेकिन आज ताजा चुनाव रुझान के अनुसार बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर रही है। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू दूसरे नम्बर पर है। हालांकि बिहार में एनडीए की जीत को नीतीश कुमार के नेतृत्व और उनकी नीतियों का चमत्कार माना जा रहा है। ज्यादातर एग्जिट पोल एनडीए की सरकार तो बता रहे थे, लेकिन किसी को भी यह अंदाजा नहीं था कि 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा में एनडीए लगभग 200 सीटों का आंकड़ा छू लेगा। यह वाकई चमत्कारिक जीत है। हालांकि अभी मतगणना जारी है, लेकिन बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए जहां एक ओर भारी जीत की ओर बढ़ रहा है, वहीं विपक्षी महागठबंधन इस बेहद रोमांचक चुनावी मुकाबले में बहुत पीछे है। एनडीए को महिलाओं, ओबीसी और ईबीसी वर्ग का जबर्दस्त समर्थन मिला है।


## आवश्यकता है


लकड़ी की मशीनों पर काम करने हेतु कुशल एवं योग्य कारीगरों व हेल्परों की आवश्यकता है।
मो. 9837958571, 7417556822

## आवश्यकता है

सीनियर बायोलॉजी टीचर एवं कम्प्यूटर जानने वाले क्लर्क की ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल स्योहारा में।
संपर्क करें- डॉ. जे.पी. शर्मा
जे.एम. अस्पताल, सुबह 9 बजे
मो. 9690182788

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281



डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)



सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24X7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी


## हापुड़ में जोरदार विस्फोट, घर की दीवार और लेंटर ढहे

### फोरेंसिक टीम मौके पर; दो लोगों के दबे होने की सूचना

हापुड़ ( एजेंसी/चिंगारी )। पिलखुवा नगर के धौलाना रोड पर पीर के पास तड़के एक कमरे में तेज धमाका हुआ। विस्फोट के साथ ही दीवार और लेंटर गिर गया। धमाके के समय कमरे में लोग सो रहे थे, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घटना में पवन तोमर और आईजी फोल्डिंग कंपनी में काम करने वाला राज किशोर शर्मा गंभीर रूप से घायल हैं। राज किशोर मूल रूप से गोपालगंज बिहार का रहने वाला है। पास के कमरे में सो रहा उत्तराखंड निवासी मदन भी हादसे की चपेट में आया, जिसे हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, विस्फोट किस कारण हुआ यह स्पष्ट नहीं है। कमरे में सिलेंडर रिसाव, किसी केमिकल या अन्य कारण से धमाका हुआ, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में ले रखा है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि दो लोग इस मकान में किराए पर रहते थे। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मौके का निरीक्षण कर लिया गया है। फोरेंसिक टीम सैंपल जुटा रही है और रिपोर्ट आने के बाद ही बताया जा सकेगा कि विस्फोट किस कारण से हुआ।

# एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, सरदार पटेल को किया गया नमन

## सरदार पटेल ने भारत को जोड़ा, हमें उनकी एकता की भावना को जीवित रखना है- अध्यक्ष महिला आयोग







**स्योहारा ( चिंगारी )।** रन फॉर यूनिटी के अवसर पर बृहस्पतिवार को स्योहारा में एकता और राष्ट्रभावना का अद्भुत नजारा देखने को मिला। खंड विकास कार्यालय से धामपुर विधायक अशोक कुमार राणा और भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र बोबी के नेतृत्व में निकली एकता यात्रा में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने भाग लिया। यात्रा का समापन ठाकुरद्वारा रोड स्थित मंडप में किया गया, जहां राष्ट्रनायक सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान और अखंड भारत के लिए उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का भारत सरदार पटेल की दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने देश की एकता के लिए जो कार्य किया, वह सदा प्रेरणादायक रहेगा। वहीं विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा एकता यात्रा का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रनिष्ठा की भावना को प्रबल करना है। सरदार पटेल का जीवन हमें बताता है कि मजबूत इच्छाशक्ति और एकता से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता।

इस अवसर पर महिला आयोग सदस्य संगीता जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, विधानसभा संयोजक नीरज प्रताप, राघव शरण गोयल, सुभाष चौहान, दिनेश सिंह, रवि चौधरी, नीरज राणा, राजवीर सिंह ठेकेदार, अमित कुमार वर्मा, राजीव गुप्ता (पूर्व पालिकाध्यक्ष), प्रमोद राठी, मुकेश रस्तौगी, राजू अरोड़ा, आलोक अग्रवाल, डा. नैपाल सिंह, पीयूष रस्तौगी, एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ अभय कुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार राजकमल सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## नहीं रहे मदन कर्णवाल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम तिसोतरा के निवासी कलाल (कर्णवाल) समाज के नजीबाबाद के ब्लॉक उपाध्यक्ष मदन कर्णवाल का रात्रि लगभग एक बजे स्वर्गवास हो गया। वे पिछले काफी समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर सुनकर कलाल समाज एवं मुहल्ले में शोक व्याप्त हो गया। समाज एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने उनके घर पर पहुंचकर परिजनों के प्रति शोक संवेदनायें व्यक्त कीं। मदन कर्णवाल काफी मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्ति थे। उनका अंतिम संस्कार बालावाली गंगा घाट पर किया गया।



## गांवड़ी बुजुर्ग में बाल दिवस का उत्सव : बच्चों की ऊर्जा और शिक्षकों का समर्पण एक साथ



**हल्दौर ( चिंगारी )।** प्राथमिक विद्यालय गांवड़ी बुजुर्ग, विकास खंड हल्दौर में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े ही अनुशासित, शिक्षाप्रद और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआरपी नितिन बालियान एवं अरुण कुमार उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। इसके बाद विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद जावेद ने बच्चों को बाल दिवस का इतिहास, महत्व और नेहरू जी के बच्चों के प्रति प्रेम के बारे में प्रेरक जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तसनीम फ़ातिमा ने बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता एवं संस्कारों का महत्व समझाया। इसके पश्चात शिक्षिका सोनम सिंह तोमर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। ज़रूरत सिर्फ सही दिशा, निरंतर प्रोत्साहन और सकारात्मक माहौल की होती है। बाल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि बच्चों की मुस्कान, उनका उत्साह और उनकी जिज्ञासा ही आने वाले समय का आधार हैं। आप सभी मन लगाकर पढ़ें, अनुशासन का पालन करें और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शिक्षिका सविता देवी और मनोज ने बच्चों को विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियां कराईं। विद्यालय में ड्राइंग प्रतियोगिता, सेल्फ एक्टिविटीज, खेल प्रतियोगिताएं और पार्किंग एक्टिविटी आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ-साथ सभी उपस्थित बच्चों को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्वादिष्ट नाश्ता भी कराया गया। पूरे दिन विद्यालय परिसर में अनुशासन, उत्साह, सीख और आनंद का माहौल बना रहा। विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया।

## खिलाड़ियों को सम्मानित किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** जाट जागृति एसोसिएशन नहटौर की ओर से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाकियू अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह रहे। बृहस्पतिवार को शिव विहार स्थित जाट भवन पर आयोजित सम्मान समारोह में वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी पर्व चौधरी, तुषार चौधरी, सौगात चौधरी, सक्षम चौधरी, आर्यन चौधरी तथा तलवारबाजी खिलाड़ी सूर्य प्रताप सिंह ढोढवाल, रौनित कुमार, कोच करन सिंह गिलाड़ी सहित क्षेत्र के राज्य, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व सत्यार्थ प्रकाश की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेशाध्यक्ष दिगंबर सिंह ने कहा कि किसान खेत में और बेटे खेल के मैदानों में भी परचम लहरा रहे हैं और देश-विदेश में मेडल जीतकर समाज का नाम ऊंचा कर रहे हैं। उन्होंने अन्य युवाओं से भी इन खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर समाज को नई दिशा तय करने का आह्वान किया। उन्होंने खिलाड़ियों के परिजनों व कोच की जमकर सराहना की। इस अवसर पर सरपंच मानपाल सिंह, विजयपाल सिंह, गुणवान सिंह, लोकेंद्र सिंह डोडवाल, डॉ.धर्मपाल सिंह, कोच करन सिंह, स्वामी आनंद, संजीव प्रधान, सीतम सिंह, सुनिल कुमार, गजेंद्र सिंह, विकास, नृपेंद्र कुमार, विपिन कुमार, धर्म वीर सिंह, संजीव कुमार, सुरेश दरोगा, रामपाल सिंह अमीन साहब, अनुज फौजी, नवनीत कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



# दोषियों को ऐसी सजा देंगे, दुनिया देखेगी- शाह

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में हुए विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी



दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया। शाह ने कहा जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें कानून के कटघरे में लाया जाएगा और सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। भारत सरकार और गृह मंत्रालय इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी जताई। गृहमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प कि इस आतंकवादी हमले के सभी जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाएगी, निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली आतंकी हमले के दोषियों को दी जाने वाली सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि हमारे देश में कोई भी ऐसे हमले के बारे में सोचने की भी हिम्मत न करे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है और मोदी इस वैश्विक संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोमवार शाम को लालकिला के पास एक सफेद हुंडई आई-20 कार में विस्फोट हुआ था, जिसमें 13 लोगों की दुखद मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए थे।

## भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे भगवान बिरसा मुंडाः योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया, जिस पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने जनजाति समुदाय को नारा दिया कि अपना देश-अपना राज। देश हमारा है तो राज भी हमारा ही होना चाहिए, विदेशी हुकूमत भारत में राज न करे। धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने 15 नवंबर को जनजाति दिवस के रूप में आयोजित करने की प्रेरणा दी। योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को ढोल-नगाड़ों की थाप से जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया और यहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह में आमंत्रित अतिथियों को मिल रहे ट्रस्ट के संदेश और निमंत्रण पत्र

**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा राम मंदिर एवं अन्य मंदिरों में ध्वजारोहण समारोह में आमंत्रित अतिथियों को आमंत्रण कोड के साथ मोबाइल संदेश और आमंत्रण पत्र भेजने का कार्य शुरू कर दिया है। आमंत्रित सभी अतिथियों के निमंत्रण पर आने-जाने और निवास स्थल की जानकारी दी गई है। अयोध्या महानगर के आमंत्रित अतिथियों के अतिरिक्त सभी अतिथियों को अयोध्या में 24 नवंबर को पधारने का निर्देश दिया गया है और विनम्रतापूर्वक समय से नियत स्थान पर पहुंचे यह आग्रह किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भेजे गए आमंत्रण पत्र सभी जानकारियों को साझा किया गया है। ट्रस्ट द्वारा भेजे संदेश में लिखा है- अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह 25 नवम्बर को होगा। इस समारोह में उपस्थित रहने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (ट्रस्ट) ने आपका नाम निश्चित किया है, आप निमंत्रण स्वीकार करें और अवश्य अयोध्या पधारें, हमारा निमंत्रण पत्र डाक/कार्यकर्ता के माध्यम से आपको मिलेगा। अपना आधार कार्ड अपने साथ लायें। कोई जानकारी लेना हो तो दो मोबाइल नंबर का भी जिक्र है। यह आमंत्रण पत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय की तरफ से भेजा जा रहा है।




उत्तर प्रदेश में कृषि की असीमित संभावनाओं से कृषकों को अधिकाधिक लाभान्वित करने और अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु योगी सरकार ने इस क्षेत्र में सक्रिय प्रयास किये हैं जिसके अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य में सुधार और समय पर किसानों को भुगतान, आनलाइन मंडियों, किसान उत्पादक संगठन का सशक्तीकरण, e-NAM और फसल बीमा योजना से कृषि जोखिम को कम किया जाना प्रमुख रहे हैं। उच्च गुणवत्ता वाले बीज, हाइब्रिड किस्में और जैविक बीजों ने फसल की उपज और उत्पादकता को बढ़ावा दिया। सिंचाई और जल प्रबंधन में सुधार किये गए। सरकार के सार्थक एवं प्रभावी प्रयासों के फलस्वरूप कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक परिणाम प्राप्त हुए हैं जिससे कृषकों को प्रत्यक्ष रूप से अधिक उपज एवं आय प्रदान करने के साथ ही कृषि खंड की राष्ट्रीय उत्पादन में हिस्सेदारी बढ़ी है।

गन्ना किसानों को ₹3,000 करोड़+ का उपहार

गन्ना क्रय मूल्य : 2024-25
अगेती प्रजाति ₹370 प्रति क्विंटल
सामान्य प्रजाति ₹360 प्रति क्विंटल

ऐतिहासिक वृद्धि
पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य में ₹30 प्रति क्विंटल
समर्थन मूल्य में वृद्धि
2017 से अब तक चार बार बढ़ाया गया समर्थन मूल्य
रिकॉर्ड भुगतान
गन्ना किसानों को ₹2,90,225 करोड़ का रिकॉर्ड भुगतान

गन्ना क्रय मूल्य : 2025-26
अगेती प्रजाति ₹400 प्रति क्विंटल
सामान्य प्रजाति ₹390 प्रति क्विंटल





2007 से 2017 तक मात्र ₹1,47,346 करोड़ का भुगतान
पिछली सरकारों के 10 वर्षों की तुलना में ₹1,42,879 करोड़ अधिक भुगतान
पूर्ववर्ती सरकारों ने औने-पौने दामों पर बेची 21 सहकारी चीनी मिलें
योगी सरकार के पारदर्शी प्रबंधन से उद्योग में आया ₹12,000 करोड़ का निवेश
8 वर्षों में 4 नई चीनी मिलें स्थापित, 6 मिलें पुनः शुरु, 42 मिलों में क्षमता विस्तार
नई चीनी मिलों की स्थापना से रोज़गार और आय दोनों में वृद्धि हुई
"मिशन शक्ति" के अंतर्गत महिला किसानों को गन्ना खेती में सशक्त बनाने के लिए विशेष कार्यशालाएँ आयोजित की गई

उत्तर प्रदेश में गन्ना उत्पादन
वर्ष 2024-25 में 2453.5 लाख मीट्रिक टन गन्ना उत्पादन में यूपी अग्रणी राज्य, देश के कुल गन्ना उत्पादन में लगभग 54.5 प्रतिशत का योगदान
विगत 8 वर्षों में गन्ने की उत्पादकता में 28.1 प्रतिशत की वृद्धि
वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 की अवधि में गन्ना उत्पादन का औसत योगदान 50.6 प्रतिशत रहा
आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग से गन्ना उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि
बेहतर बीज, सिंचाई सुविधा और तकनीकी सहयोग से गन्ने की खेती का रकबा बढ़ा है

गन्ना क्षेत्रफल, गन्ना सट्टा, गन्ना कलेण्डरिंग एवं गन्ना पर्ची की व्यवस्था हेतु सेंट्रलाइज्ड वेब-बेस्ड 'स्मार्ट गन्ना किसान' प्रणाली
'स्मार्ट गन्ना किसान' प्रणाली से गन्ना पर्ची व्यवस्था ऑनलाइन, बिचौलियों का राज खत्म
वेबसाइट upcane.gov.in
टोल-फ्री नंबर 1800-121-3203

गन्ना मूल्य भुगतान सीधे डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में
एथेनॉल उत्पादन 41 करोड़ लीटर से बढ़कर हुआ 182 करोड़ लीटर, आसवनियों की संख्या 61 से बढ़कर 97 हुई
गन्ना क्षेत्रफल में उल्लेखनीय वृद्धि, 20 लाख हेक्टेअर से बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेअर, उत्तर प्रदेश देश में प्रथम
ऑनलाइन खाण्डसारी लाइसेंसिंग नीति जारी, प्रथम बार 285 नई खाण्डसारी इकाइयों हेतु लाईसेंस निर्गत
8 नई बड़ी मिलों के बराबर उत्पादन क्षमता में वृद्धि, 2 मिलों में सीबीजी संयंत्र स्थापित
गन्ने की खेती करने वाले क्षेत्र में वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को ज्यादा भूमि पर उपज की संभावना मिली

भली लगे या बुरी ...

## बिजनौर टाइम्स यानी एक जुनून

बाबू जी ( बाबूसिंह चौहान ) ने 14 नवम्बर 1963 को जब अपने कुछ मित्रों के साथ मिलकर बिजनौर जनपद का पहला हिन्दी दैनिक अख़बार बिजनौर टाइम्स शुरू किया था, तब बाबू जी के अलावा शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि आगे चलकर बिजनौर टाइम्स इतना लोकप्रिय होगा कि जनपद की पहचान इस पत्र से होने लगेगी। बिजनौर उस समय एक छोटा सा कस्बानुमा शहर था, जहां सुविधाओं के नाम पर कचहरी, नगरपालिका और डाकखाना ही था। रोडवेज बस अड्डा था, मगर बसें नाममात्र को चला करती थीं। बाबू जी बताया करते थे दिल्ली के लिये सुबह को एक बस जाया करती थी, वो ही शाम को बिजनौर लौटती थी। ट्रेन के नाम पर दो पैसेंजर और रात में मसूरी एक्सप्रेस ट्रेन थी। बिजनौर टाइम्स इन ट्रेनों के द्वारा ही दूरदराज तक भेजा जाता था। तब न तो जनपद में अच्छी सड़कें थीं, न यातायात के पर्याप्त साधन। अख़बार छापने में प्रयोग होने वाली कोई भी सामग्री बिजनौर में उपलब्ध नहीं थी। इन हालात में दैनिक अखबार निकालना कितना मुश्किल होगा, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। मगर अन्य साथी कुछ माह में ही यह देखकर अलग हो गये कि इतने पापड़ कौन बेलेगा, यह तो बहुत कठिन और घाटे का काम है। लेकिन अपनी धुन के पक्के बाबू जी ने हार नहीं मानी, अकेले ही मैदान में डटे रहे। आज के पत्रकारों की जमात को तो शायद अंदाजा भी नहीं है कि जनपद में कोई ऐसा जुनूनी पत्रकार भी हुआ जिसने अख़बार के लिये न सिर्फ खुद का सारा जीवन होम कर दिया, बल्कि अपनी धर्मपत्नी को भी इसी जुनून में खोना पड़ा। इतना ही नहीं, सात लाइन की एक ख़बर 'भूखा मानव क्या करेगा ?' के लिये राष्ट्रीय सुरक्षा कानून ( उस समय डीआईआर ) के तहत जेल जाना पड़ा। विशुद्ध पत्रकारिता के लिये एक साथ 17 मुकदमे झेलने पड़े। आज बाबू जी के नाम के आगे अनेक विशेषण लगाये जाते हैं, तो वो उनके संघर्ष, त्याग और जुनून का ही सुफल है। यह महामानव अपने अथक सफ़र, संघर्ष और परिश्रम की बदौलत छोटे से गांव महावतपुर से निकलकर नगीना, बिजनौर होते हुए विश्व शांति सम्मेलनों में मास्को ( सोवियत संघ ), प्राग ( चेकोस्लोवाकिया ) तक पहुंचा। 11-12 साल की उम्र में मात्र 50 पैसे लेकर घर से निकले एक बालक ( बाबूसिंह चौहान ) ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर न सिर्फ समाज में अपनी पहचान बनायी, बल्कि अपने गांव, नगर और जनपद को भी पहचान दी। दैनिक बिजनौर टाइम्स को जनपदवासियों के साथ-साथ पत्रकारों, विशेषकर पत्रकारिता पर शोध करने वाले विद्यार्थियों के लिये एक ऐसी सौगात है, जिस पर आने वाली नस्लें भी गर्व करेंगी। 62 साल की उम्र में तीन पीढ़ियां खड़ी हो जाती हैं, इतने वर्षों तक बिजनौर जैसे छोटे शहर से निरन्तर दैनिक अख़बार निकालना लोहे के चने चबाने से कम नहीं है। हमसे पूछिये, हम बतायेंगे कि सीमित साधनों के साथ एक अख़बार को पत्रकारिता की आत्मा को जिंदा रखते हुए चलाते रहना कितना कठिन है। वो भी वर्तमान परिस्थितियों में जब प्रिंट मीडिया के सामने चौतरफा चुनौतियां खड़ी हैं और देश के कर्णधारों का रवैया लघु व मंझोले अख़बारों के प्रति एक तरह से शत्रुतापूर्ण है। दरअसल, बिजनौर टाइम्स एक अख़बार नहीं है, बल्कि साम्प्रदायिक सौहार्द, समानता पर आधारित समाज बनाने वाली एक सोच, एक प्रेरणा है। आइये! हम सब मिलकर अपने बिजनौर टाइम्स की 62वीं वर्षगांठ की खुशी मनाते हैं। -सूर्यमणि रघुवंशी

## जिन्हें जीवन देना था वे ही बन रहे हैं

# मौत के सौदागर

**▶▶मनोज कुमार अग्रवाल**

लालकिला विस्फोट साजिश मामले में उच्च शिक्षित छह डॉक्टरों के नाम जुड़ जाने के बाद कई मिथक टूट रहे हैं, जैसे अशिक्षा, बेरोजगारी, आतंकवाद को जन्म देती है और आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। इस मामले में उच्चशिक्षित और लाखों मासिक की तनख्वाह पाने वाले एक ही धर्म के लोग दहशतगर्दी की साजिश से जुड़े मिले हैं। सवाल है कि इन्हें कौन रेडिक्लाइज (उग्र कट्टरपंथी) बना रहा है? जिंदगी देने वाले डॉक्टर ही दहशत फैलाने का औजार कैसे बन गए? ये कौन सी मजहबी तालीम है जो उच्च शिक्षित एमडी डॉक्टर्स का भी ब्रेनवॉश कर उन्हें दहशत फैलाने के नापाक मंसूबों से जोड़ देती है? और यह कौन सा धर्म है, जो जिंदगी देने वाले डॉक्टरों को मौत का सौदागर बनने पर मजबूर कर देता है?

पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग शहरों में आतंकियों की गिरफ्तारी और विस्फोटक सामग्रियों की बरामदी के बीच सोमवार शाम को लालकिले के पास जोरदार धमाका होना इस बात का प्रमाण है कि संभवत: आतंकियों ने इस घटना को बौखलाहट में अंजाम दिया है, गिरफ्तारी के बाद यहीं से छानबीन आगे बढ़ी। जिस कार में विस्फोट किया गया उसे भी एक डॉक्टर उमर चला रहा था। कुल छह डॉक्टरों के नाम सामने आ चुके हैं। इससे पता चल रहा है कि कैसे एक पवित्र और ईमानदार पेशे की आड़ लेकर संवेदनशील स्थानों और सामाजिक विश्वास के ऊपर से भी आतंकी गतिविधियों को संचालित किया जा सकता है। इससे पहले गुजरात से तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं। आतंकियों ने हमले की तैयारी के लिए अहमदाबाद, लखनऊ और दिल्ली जैसे शहरों की रेकी की थी और आतंकी घटनाओं से इन्हें दहलाने की साजिश भी रची थी। आतंकियों के मुताबिक अहमदाबाद के भीड़भाड़ वाले इलाकों का नक्शा तैयार किया गया था, वहीं लखनऊ में आरएसएस के कार्यालय को भी निशाना बनाने के मंसूबे थे। दिल्ली में आतंकियों की नज़रें आजादपुर मंडी इलाके पर थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आतंकी राइसिन नामक ज़हर बना रहे थे, जिससे हजारों लोगों को जान से मारने की तैयारी थी। पुलिस पूछताछ में एक अहम खुलासा यह भी हुआ था कि आतंकवादी आजाद शेख एक हफ्ते तक जम्मू-कश्मीर में रहा था, जहां पर उसने कुछ संवेदनशील इलाकों की जानकारियां भी जुटाई थीं।


डॉ. मोहम्मद उमर


डॉ. आदिल राठर


डॉ. मुजम्मिल


डॉ. शाहीन


डॉ. सज्जाद


डॉ. अहमद मोइनुद्दीन

लेकिन इसके साथ यह भी साबित होता है कि आतंकी देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी जड़ें जमा चुके हैं। आतंक का जाल पूरे देश में फैल चुका है। दिल्ली में लालकिले के पास हुए जोरदार धमाके में 12 लोगों की मौत और दो दर्जन से ज्यादा लोगों का घायल होना काफी दु:खद और हृदयविदारक घटना है। यह विस्फोट इतना भयानक था कि लोगों के चिथड़े उड़ गए। धमाके की वजह साफ नहीं है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने इस संबन्ध में कुछ नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि आतंकियों ने ही अपने नापाक मनसूबों को अंजाम दिया है। संभवत: दिल्ली में विस्फोट कर आतंकी पूरे देश में यह संदेश देना चाह रहे हैं कि तमाम गिरफ्तारियों के बीच उनका मनोबल गिरा नहीं है। दिल्ली, जो देश की प्रशासनिक और राजनीतिक धुरी है, में लालकिले जैसे ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक स्थान पर धमाका होना, सीधे-सीधे देश की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया एजेंसियों को चुनौती है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में व्यापक छापेमारी चल रही थी और सात संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। इसलिए यह मानना तर्कसंगत होगा कि यह धमाका आतंकियों की बौखलाहट में की गई कार्रवाई हो सकती है, लेकिन इसकी भयावहता इस बात में है कि यह दिखाता है कि यह नेटवर्क अब भी सक्रिय और संगठित है। आंकड़े और घटनास्थल की विस्तृत जानकारी ने यह संकेत दिया है कि यह कोई साधारण विस्फोट या हमला नहीं था, बल्कि लंबी परतों में फैला एक सुसंगठित नेटवर्क चल रहा था। देश में विभिन्न स्थानों से कुल मिलाकर लगभग तीन टन के आसपास विस्फोटक पदार्थ और संबंधित सामग्री बरामद हुई है, और मामला एक 'व्हाइट कॉलर' आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा बताया जा रहा है, यानी प्रोफेशनल्स, छात्र और नागरिक का भी शामिल होना समझ को झकझोर देता है। सबसे स्तब्ध करने वाली बात यह है कि जिन लोगों पर संदेह हुआ उनमें मेडिकल डॉक्टर भी शामिल थे। रिपोर्ट बताती हैं कि अनंतनाग के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज से एके-47 राइफल बरामद की गई और दो-तीन डॉक्टरों की आतंकियों ने हर जगह पर मौसम, शहरी बनावट और ट्रैफिक की पुख्ता जानकारी जुटाई थी। सभी आतंकी पाकिस्तान से संपर्क में थे और अपने आकाओं के इशारों पर काम कर रहे थे। पाकिस्तानी आकाओं के इशारों पर ही आतंकियों ने भारत में बड़े नरसंहार की योजना रची थी। वह लोगों को राइसिन नाम का ज़हर देकर मारने की प्लानिंग कर रहे थे। आतंकी अहमद सैयद कई दिनों से राइसिन पॉइजन इकट्ठा कर रहा था, ताकि खौफनाक मंसूबों को अंजाम दिया जा सके। नि:संदेह यह दौर बहुआयामी चुनौतियों का है। एक ओर केंद्र तथा राज्य एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई और अंतर-एजेंसी समन्वय का जो नमूना हमें इन छापों से दिखा, वह सराहनीय है, सही सूचना-इंटेलिजेंस के भरोसे तेजी से छापे डाले गए और संभावित बड़े हादसों को रोका गया। दूसरी ओर यह भी स्पष्ट है कि हमारी जांच-विधान, संस्थागत निगरानी और पंजीकरण तंत्र में ऐसे षड्यंत्रों को पकड़ने-समेत रोकने के लिए और सुधार की जरूरत है। आज जिस तरह से आतंकवाद का चेहरा परिवर्तित हो रहा है, नि:संदेह वह भयभीत करने वाला है। लेकिन इससे कल होशियार होना भी आसान है, क्योंकि जब हमें पता चल गया है कि डॉक्टर, प्रोफेशनल्स, छात्र संघ, कहीं-कहीं सामान्य दिखने वाला व्यक्ति भी हमारी सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरा बन सकता है, तो हमें सिर्फ चिन्ता नहीं करनी, बल्कि सटीक कार्रवाई करनी होगी। आतंक को मात देने का समय अब है। हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना, बल्कि आगे बढ़ना है, सामूहिक रूप से, सतर्क रूप से,अडिग रूप से। मगर इतना तय है कि लालकिले के पास धमाका कोई साधारण घटना नहीं है, यह एक तरह से देश पर हमला है। यह हम सबको यह याद दिलाता है कि आतंक का जाल अब हमारी गलियों, विश्वविद्यालयों, डिजिटल चैट ग्रुपों और वित्तीय तंत्रों में घुस चुका है। अब यह युद्ध सिर्फ सैनिकों या पुलिस का नहीं, बल्कि नागरिक, समाज, तकनीकी संस्थानों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं सहित हम सबका है। हमें एक ऐसे भारत का निर्माण करना होगा, जहां सुरक्षा सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि विश्वास, शिक्षा, न्याय और एकता से सुनिश्चित की जाए। (विनायक फीचर्स)

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने दिये सुधार के निर्देश

# अस्पताल के निरीक्षण में कई खामियां मिलीं



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान गुरुवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर बिजनौर पहुंचीं। उन्होंने जिला अस्पताल, महिला अस्पताल और नई बिल्डिंग का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आने पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. उर्मिला और महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ.सीमा को सुधार के निर्देश दिये।

निरीक्षण के समय बबीता चौहान ने महिला अस्पताल में मौजूद स्टाफ से दवा वितरण, रजिस्ट्रेशन और मरीजों की सुविधा से जुड़े सवाल पूछे, तो संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने नाराज़गी जताई। उन्होंने अस्पताल की सफाई व्यवस्था और मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की भी समीक्षा की। आयोग अध्यक्ष ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष बबीता चौहान राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल, एसडीएम सदर रितु चौधरी सहित अन्य अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन बिल्डिंग में पहुंचीं, जहां उन्होंने आधुनिक रसोई का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए बबीता चौहान ने बताया कि कुछ समय पहले भी उन्होंने अस्पताल का दौरा किया था और उस समय जो खामियां मिली थीं, उनमें से कई में अब सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल और महिला अस्पताल की सीएमएस के बीच समन्वय की कमी अब भी बनी हुई है, जिसे दूर करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य की वजह से फिलहाल सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठीक नहीं कही जा सकती।

### संगीता अग्रवाल की सराहना की

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल की सराहना करते हुए कहा कि संगीता बहुत सक्रिय हैं, वे महिलाओं की समस्याओं के प्रति गम्भीर हैं और समस्याओं का समाधान कराती रहती हैं।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन ने की दिल्ली में धमाके की निंदा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** फोटोग्राफर एसोसिएशन चांदपुर की शोकसभा में दिल्ली में हुए बम धमाके की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए केन्द्र सरकार से घटना में शामिल दोषियों को कठोर से कठोर सजा दिये जाने की मांग की गयी। यहां बिजनौर रोड स्थित मानव भारद्वाज के प्रतिष्ठान पर आयोजित शोकसभा में दिल्ली धमाके में मरने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। शोकसभा में अतुल जैमिनी, संदीप गर्ग, यशवीर सिंह, सहदेव सिंह, विजय सिंह, राजेन्द्र यादव, अखिल शर्मा, मानव भारद्वाज, पीयूष शर्मा, नकुल चौहान, ललित कुमार, रोहित कुमार, दीपक कुमार, पंकज कुमार, कपिल कुमार आदि फोटोग्राफर मौजूद रहे।



## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है किहमारी धारा मोटर फाइनेंस लिमिटेड NBFC कम्पनी ने ऋण/किश्तों का भुगतान नहीं करने के कारण नीचे दिये गये वाहनों को कम्पनी ने कब्जे (पुन:कब्जे)में ले लिया है। उक्त वाहनों की नीलामी निम्नवत निर्धारित की गई है।

नीलामी की तारीख 15-11-2025 नीलामी का समय-11:00 AM

| वाहन वर्ग | संख्या |
|---|---|
| E-Rickshaw | 33 |
| Three Wheeler | 29 |
| Four Wheeler | 15 |
| Truck | 1 |

नीलामी का स्थान: सरोजनी नगर बिजनौर, अजय एसोसिएट्स, ज्वालापुर,सेहरावत यार्ड गुड़गांव, बीबी फार्म गाजियाबाद, गंगोत्री यार्ड हरिद्वार, मां वैष्णो पार्किंग यार्ड बुलन्दशहर, फ्रेंड्स पार्किंग यार्ड फरीदाबाद जैसी है, वैसी के आधार पर निम्न लिखित वाहनों का विवरण एवं न्यूनतम आरक्षित मूल्य तय किया गया है।

**धारा मोटर फाइनेंस लिमिटेड के लिए**
**अधिकृतहस्ताक्षरकर्ता**

# पानी गर्म करने वाली रॉड में करंट आने से महिला की मौत



समरजीत कौर का फाइल फोटो

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के आदर्श नगर मोहल्ले में घर में पानी गर्म करने वाली रॉड से करंट की चपेट में आने से 62 वर्षीय समरजीत कौर पत्नी स्वर्गीय सतनाम सिंह की मौत हो गई। बताया जा रहा है किजिस समय हादसा हुआ सभी परिजन सो रहे थे। मृतका सुबह उठकर अमृतवेले करती थी। मृतका के बेटे सोनू सिंह ने बताया माता जी झाड़ू और पोछा लगाने के बाद बाथरूम में पानी गर्म कर रही थीं, तभी अचानक करंट लग गया। कुछ देर बाद जब परिजनों ने देखा वह अचेत अवस्था में गिरी पड़ी थीं। परिजन तुरंत उन्हें निजी ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# आरएसएम की छात्रा खुशी को राज्यपाल ने दिया स्वर्ण पदक



आर.एस.एम. कॉलेज धामपुर की छात्रा खुशी गुप्ता को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम. कॉलेज धामपुर की बी.एससी. (कृषि ऑनर्स) की छात्रा खुशी गुप्ता ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के 23वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने महाविद्यालय, जनपद और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्हें यह सम्मान विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रदान किया गया। खुशी गुप्ता को यह स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए मिला है। उनकी यह उपलब्धि आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि खुशी गुप्ता पूर्व में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा (AIEEA) में संपूर्ण भारत स्तर पर 16वीं रैंक प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में एम.एससी. (कृषि) में प्रवेश प्राप्त किया है, जिससे आर.एस.एम. कॉलेज परिवार गौरवान्वित है। कृषि संकाय के शिक्षकों ने खुशी की इस सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि खुशी ने अपने निरंतर प्रयासों और सकारात्मक दृष्टिकोण से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने खुशी गुप्ता को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। जबकि अपनी सफलता पर खुशी ने कहा कि मेरी इस उपलब्धि का श्रेय वह अपने माता-पिता, सभी शिक्षकों और शुभचिंतकों को देती हैं। माता-पिता के निरंतर समर्थन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और साथियों के प्रोत्साहन से ही मैंने यह मुकाम हासिल किया है।

## कल मनाई जायेगी संपादकाचार्य पं. रुद्रदत्त शर्मा की पुण्यतिथि

**धामपुर ( चिंगारी )।** पत्रकारिता क्षेत्र के दधीचि, मूर्धन्य पत्रकार, आर्य जगत के विद्वान सम्पाकाचार्य पंडित रुद्रदत्त शर्मा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कल 15 नवंबर (शनिवार) को मध्यान्ह 3:30 बजे शिवाजी पार्क स्थित पंडित रूद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में पत्रकार एकता मंच धामपुर द्वारा भावपूर्ण पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष मनोज कात्यायन व महामंत्री शाकिर अंसारी ने संयुक्त रूप से दी।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को उत्कृष्ट सफलता मिली



**धामपुर ( चिंगारी )।** कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने प्रतियोगिता में विजयी होकर कॉलेज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर में 12 नवम्बर को महियसी महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था 'वर्तमान जीवन प्रणाली एवं पनपता अवसाद। इस प्रतियोगिता में कन्या इंटर कॉलेज धामपुर की कक्षा 10 की छात्राएं आयशा और मीनाक्षी सैनी ने प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिससे जिले में विद्यालय का नाम रोशन हुआ। विद्यालय लौटने पर प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने दोनों छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षिकाएं उषा रानी, नीतू, अंजलि, विनोद शर्मा, सुषमा शर्मा उपस्थित रहीं।

## शिविर में 130 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से मंगलवार को ग्राम तीबड़ी में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर की टीम ने 130 रोगियों का सकुशल इलाज किया। शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर की निःशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। इस शिविर में डॉक्टर अनुराग शर्मा, डॉक्टर इलमा परवीन का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ एम एम गिल, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, शानू,वर्षा चौहान, निशु रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉक्टर एनपी सिंह शामिल रहे ।

## विवाह मंडपों के बाहर जाम लगने लगा सड़कों पर



नगीना रोड पर लगा हुआ जाम।

**धामपुर ( चिंगारी )।** शादी का सीजन शुरू होते ही धामपुर-नगीना और शेरकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मंडपों में वैवाहिक समारोह होने के साथ ही लोगों को जाम की समस्या का सामना भी करना पड़ रहा है। बीती रात धामपुर-नगीना मार्ग पर स्थित विनायक मंडप, सुमंगलम बैंकट हाल, गुलमोहर रिजॉर्ट व स्वस्तिक गार्डन आदि पर समारोह होने के चलते नगर से दूर होने के कारण अधिकांश लोग अपनी कारों और बाइकों से वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। दूसरी ओर उत्तराखंड का लिंक रोड होने के कारण इसी मार्ग से जब उत्तराखंड और अन्य रोडवेज की बसें गुजरी तो वहां जाम की स्थिति बन गई। लगभग आधा घंटा तक जाम लगा रहने के कारण नागरिकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सड़क का निर्माण चलने से हो रही परेशानी

**दुर्गा विहार कॉलोनी से नगीना चौराहे तक की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, जिस कारण मजदूरों ने सड़क की साइड़े खोद दी है, जिससे वह सड़क नीची और ऊंची हो गई है ऐसी स्थिति में दुपहिया और चार पहिया वाहन सिर्फ सड़क पर ही चल पा रहे हैं और सड़क छोटी होने के कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है।**

## 200 गरीब परिवारों के बच्चों को वितरित किये स्वेटर



स्वेटर वितरित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के प्रधान कार्यालय पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ.मोनिका अग्रवाल द्वारा 'अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ एवं दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान महिला प्रकोष्ठ' की संयुक्त मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के प्रमुख उद्देश्य 'गरीबी, अशिक्षा, बीमारी है अभिशाप आओ मिलकर मिटाने का करें प्रयास' के अंतर्गत बाल दिवस की पूर्व संध्या पर 198 गरीब परिवारों के बच्चों को ठंड से बचाव हेतु निःशुल्क स्वेटर वितरण किये गये। संस्था की पिछले समय से चल रही सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर से बचाव हेतु मुहिम के अंतर्गत तीसरा कैंप भी आयोजित किया गया जिसमें लगभग 20 महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण किया गया और सेमिनार के द्वारा कैंसर की आवश्यक जानकारी प्रदान की गई और स्वयं स्तन जांच की प्रक्रिया भी समझाई गई। संस्था के नए कमेटी मेंबर्स को पत्र वितरण किए गए तथा दोनों संस्थाओं की महिलाओं द्वारा आगामी प्रोजेक्ट के विषय में विस्तृत चर्चा की गई ।

अंत में डॉक्टर मोनिका अग्रवाल द्वारा सभी महिलाओं का इस स्वास्थ्य सेवा और सहयोग के अनूठे संगम के सहभागी बनने के लिए धन्यवाद देकर संगठन शक्ति पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि सामूहिक शक्ति एवं प्रयासों से हम समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं और हर असंभव कार्य को संभव बना सकते हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

**कार्यक्रम में प्रभा गुप्ता, कविता मित्तल,मंजू जैन, नीलम अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, सोनिका अग्रवाल, श्रुति जैन, दीपा मित्तल, अदिति मित्तल, नेहा गुप्ता, निधि गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, पुष्पा माहेश्वरी, प्रतिभा गुप्ता, रचना गुप्ता, अनु मित्तल, छवि जैन, अनीता गोयल, अनीता मित्तल, मुक्ता गोयल, अनुपम अग्रवाल, अनू गुप्ता, निधि अग्रवाल, श्वेता गोयल, करिश्मा सक्सेना, तान्या अग्रवाल, हर्षा गोयल, प्रिया गर्ग, हिमानी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, सुरभि जैन, रश्मि जैन, रजनी जैन, ऋचा गुप्ता, सुषमा गोयल, प्रिया अग्रवाल, प्रेरणा अग्रवाल, मोहिनी रस्तोगी, शिखा सिंह, डॉक्टर तृप्ति सिंह, शैलप्रीत कौर, सरस्वती कौशिक, सुचि शर्मा, सुनीता नंदा, अर्चना गोयल, ऐश्वर्या चौधरी, बबीता गुप्ता, नवनीत कौर, रेनू भारद्वाज, ऋचा अग्रवाल, श्वेता मेहरोत्रा अदिति गुप्ता, मीनू सिसोदिया, परमजीत कौर, रुचि मोदी, सुनीता चौहान, उपासना, विधि गुप्ता, इत्यादि उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन श्वेता मल्होत्रा द्वारा किया गया।**

# सिल्ट सफाई के नाम पर की जा रही खानापूर्ति

## रबी की फसल के लिए टेल तक पानी पहुंचाने के लिए की जा रही नहरों की सफाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रबी की फसल के मद्देनज़र इस बार सिंचाई विभाग ने दावा किया था कि जिले की सभी नहरों की सिल्ट सफाई एक से 30 नवंबर तक पूरी कर दी जाएगी, ताकि दिसंबर में समय रहते टेल तक पानी पहुंचाया जा सके, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कह रही है। नहरों में सिल्ट सफाई कार्य में खानापूर्ति की जा रही है, जबकि विभागीय रिकॉर्ड में उन्हें प्रगति पर दिखाया जा रहा है।

बिजनौर के सिंचाई खंड के अन्तर्गत आने वाली पूर्वी गंगा नहरों की 70 ईकाईयों में एक नवंबर से आरंभ किया गया है, जो 30 नवंबर तक पूरा करना है। विभाग द्वारा नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य ठेके पर कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। नहरों में सिल्ट सफाई का कार्य जेसीबी से किया जा रहा है, जिसकी निगरानी विभाग के एसडीओ व जेई कर रहे हैं। सिल्ट सफाई का काम ज्यादातर जगहों पर औपचारिकता बनकर रह गया है या बिल्कुल शुरू नहीं हुआ। कई नहरों के किनारे मजदूरों ने केवल ऊपर की घास-फूस ही हटाई है, ताकि विभाग को रिपोर्ट भेजी जा सके। ग्रामीण राधेश्याम, सचिन, नामित ने बताया कि सिल्ट सफाई में हर साल यही खेल होता है। थोड़ी बहुत मिट्टी किनारे निकालकर फोटो खिंचवा लेते हैं। जब पानी छोड़ा जाता है तो बीच रास्ते में ही रुक जाता है। पानी टेल तक नहीं पहुंचता है, जिससे खेत सूखे रह जाते हैं।

### 70 नहरों में सफाई का दावा, निगरानी नदारद

**सिंचाई विभाग का कहना है कि जिले की करीब 70 नहरों और उनकी माइनर शाखाओं की सिल्ट सफाई 30 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी, लेकिन नहरों पर निगरानी व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं दिख रही। ठेकेदार अपने मनमुताबिक काम कर रहे हैं। कहीं मशीनें हैं ही नहीं, तो कहीं मजदूरों से फावड़ा-तसले के सहारे खानापूर्ति कराई जा रही है।**

### जिले में पहली बार रबी की फसल को दिया जाएगा पानी

प्रदेश में किसानों की खरीफ फसल की सिंचाई के लिए वर्ष 1988-89 में पूर्वी गंगा नहरों का जाल फैला हुआ है। नहरों का जाल खरीफ की फसलों के लिए फैलाया गया है, लेकिन इन नहरों का फायदा किसानों को नहीं मिल रहा था। खरीफ की फसल के लिए जुलाई में नहरों में पानी छोड़ा जाता था। किसानों की मांग पर पहली बार दिसंबर में रबी की फसल के लिए नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। ताकि रबी की फसल के शुरुआती दौर में ही किसानों को पानी मिल सके। किसानों का कहना है कि नहर की गहराई बढ़ाई ही नहीं गई, तो पानी टेल तक नहीं जा पाएगा।

### सफाई का काम दिखावे के लिए, ठेकेदारों का खेल ज्यादा

नहर सफाई में स्थानीय ठेकेदारों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि ठेकेदार विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर आधा-अधूरा काम दिखा देते हैं, जिससे भुगतान भी हो जाता है और जांच में सब सही साबित हो जाता है। गांव लालपुर जोगी के किसान इस्माईल ने कहा कि काम दिखाने के लिए एक-दो मजदूर भेज देते हैं। फोटो भेज दी जाती है कि काम पूरा हो गया। न कोई माप है, न कोई मानक। अगर वाकई सफाई होती तो अब तक टेल वाले खेत हरे होते।

### इनका कहना है...

**खंड की 70 नहरों में एक नवंबर से सिल्ट सफाई का कार्य किया जा रहा है, जो 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। पहली बार शासन से रबी की फसल के लिए दिसंबर में नहरों में पानी दिया जाएगा। सभी नहरों में समय पर सिल्ट सफाई कार्य पूरा कर लिया जाएगा। लापरवाही बरतने व खानापूर्ति की शिकायत पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।- विकास अग्रवाल अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड।**

# महिलाओं के सशक्त होने पर समाज भी सशक्त होगा- अर्चना वर्मा

## सरस्वती विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन



**गंज ( चिंगारी )।** गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल गंज (बिजनौर) में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष मुख्य अतिथि राशि अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मुख्य वक्ता अर्चना वर्मा (जिला संयोजिका विभाग बिजनौर) चांदपुर तथा वक्ता उपासना शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अर्चना वर्मा ने भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर बोलते हुए कहा कि यदि महिला सशक्त होगी तो समाज भी सशक्त बनेगा। उपासना शर्मा ने कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण पर कार्यक्रम में आई मातृशक्ति को जागरुक करते हुए कहा कि हमें अपने परिवार को एकता के सूत्र में बांधना होगा तथा अपनी संस्कृति और संस्कार को अपने बच्चों में पहचाने होंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राशि अग्रवाल ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हम महिलाएं भी अपने देश को विकास के मार्ग पर अग्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की बहिनों द्वारा अपने राष्ट्र की वीरांगनाओं की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गयीं। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक कौशल कुमार अग्रवाल, प्रबंधक आशुतोष अग्रवाल एवं उलेढा विद्यालय के प्रधानाचार्य (संकुल प्रमुख, उलेढा) सुरेश कुमार तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# तरुण सहरावत को सम्मानित किया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** गांव चमरोला के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी तरुण सहरावत ने 23वीं एशियाई मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 110 मी. हर्डल रेस में रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। रालोद पदाधिकारियों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया।

जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य, पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह ढाका के नेतृत्व में चेन्नई में 23 सी एथलीट एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 110 मी. हार्डर रेस में रजत पदक जीतने वाले तरुण सहरावत को रालोद कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य ने कहा कि तरुण सहरावत जिले के अन्य एथलीट के लिए भी मिसाल बनेंगे। उनके शानदार प्रदर्शन से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। अब तरुण सहरावत दक्षिण कोरिया में प्रस्तावित वर्ल्ड मास्टर चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर युवा खिलाड़ी तरुण शेरावत ने कहा कि वह अपने खेल में लगातार सुधार करने की कोशिश में जुटा है। रालोद कार्यालय पर मिले सम्मान से वह गदगद दिखाई दिये। इस मौके पर रालोद के युवा प्रदेश महासचिव शिवम राणा, चौधरी सुशील कुमार, चौधरी राम सिंह, जयपाल सिंह, रविंद्र सिंह, विशाल चौधरी, राहुल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, लक्षित चौधरी, शुभम चौधरी, रुचिन चौधरी, नीरज कुमार सहित कई रालोद कार्यकर्ताओं ने तरुण सहरावत को माला पहनकर सम्मानित किया।

# जेपी पब्लिक स्कूल में हुई वार्षिक खेल प्रतियोगिता

## बच्चों ने खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखायी प्रतिभा




**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल चांदपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता उड़ान 2025 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया, जेपी पब्लिक स्कूल की प्रबंधक नीतू गुप्ता, उपप्रबंधक आर्यन गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने संयुक्त रूप से मशाल प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत चारों सदनों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसके बाद शपथ ग्रहण समारोह और खेल भावना तथा टीम वर्क पर ज़ोर दिया गया। छात्रों ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रिले, गोला फेंक और योग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रंगारंग अभ्यास, नृत्य प्रदर्शन और योग विज्ञान प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिसने उत्सव में चार चांद लगा दिये। शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

अपने संबोधन में प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने छात्रों के समर्पण और खेल भावना की सराहना की और उन्हें शैक्षणिक और सह पाठ्यचर्या गतिविधियों दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सचमुच उड़ान 2025 अपने नाम के अनुरूप रहा, जिसने प्रत्येक छात्र को अपने पंख फैलाने और ऊंची उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया।

## आदरणीय श्री बाबूसिंह चौहान सभी के बाबूजी

अपने आदर्शों के चलते बने बानगी बाबूजी;
अँधियारे पथ पर दिखलाई हमें रोशनी बाबूजी।
काली रातों में मुफ़लिस की बने चाँदनी बाबूजी;
हर दिल की यूँ धड़कन बनकर रहे ज़िंदगी बाबूजी।
जीवन की दुर्गम राहों के नियम आपके उत्तम थे;
खुलकर हँसते थे दिखती थी अलग सादगी बाबूजी।
जिसका भी मन हो पढ़ने का कहीं खोलिए पढ़ लीजे;
जीवन का हर पृष्ठ खुला था, रहे डायरी बाबूजी।
यूँ तो देकर आप गए हो हमें सूर्य भी, चंदा भी;
फिर भी पल- पल रोज सताती कमी आपकी बाबूजी।
कर्म न छोड़ा धैर्य न छोड़ा कठिन वक़्त जब था घर पर;
जीवन की हर जंग जिताई बने सारथी बाबूजी।
कर्म यहाँ सबसे ऊपर है यही आपने बतलाया;
यूँ जीना सिखलाया तुमने हमें ज़िंदगी बाबूजी।
चित्र तुम्हारा जब भी देखूँ लगे बोल देगा पल में;
चश्में के पीछे से आँखें लगें झाँकती बाबूजी।
जो लिक्खा था तुमने पहले वही आज है वैसा ही;
आप अमर हैं और हुई है अमर लेखनी बाबूजी।
अहसास सदा है ये हमको यहीं पास हो जैसे तुम;
गाँव गली बस्ती फिर भी ये नज़र ढूँढ़ती बाबूजी।
बाबू नाम तुम्हारा गूँजा तुम्हीं सिंह, चौहान रहे;
याद तुम्हारी सबको अब भी रही सादगी बाबूजी।



-डॉ. अजय जनमेजय
बिजनौर

# बिजनौर टाइम्स के 62 साल, जलती रही सामप्रदायिक सौहार्द की मशाल

## ..जब 5 पैसे की प्रति 5 रुपये तक में बिकी

आधुनिक भारत के निर्माता एवं समाजवाद, धर्म निरपेक्षता के पुरोधा, पंचशील सिद्धांत के ध्वज वाहक पं. जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिन 14 नवम्बर 1963 को बिजनौर टाइम्स का पौधा रोपा गया था। मई 1964 में पं. नेहरु गंभीर अस्वस्थ हो गये। चूंकि वे जनता के दिलों में बसते थे, इसलिए उनके स्वस्थ होने के लिए मंदिरों में प्रार्थनाएं हुईं, मस्जिदों में दुआएं मांगी गयीं तथा गुरुद्वारों में अरदास की गई, लेकिन क्रूर काल ने 27 मई 1964 की दोपहर में नेहरु जी को देश से छीन लिया। 1964 में रेडियो था, टीवी नहीं था, लोगों में समाचार की भूख थी, अत: नेहरु जी के निधन के दो घंटे बाद बिजनौर टाइम्स का विशेष संस्करण निकला, तब बिजनौर टाइम्स की कापी का मूल्य केवल पांच पैसे था, लेकिन समाचार की भूख से विवश लोगों ने पांच पैसे का बिजनौर टाइम्स पांच-पांच रुपये तक में खरीदा। प्रेस की मशीन से अख़बार की काफी छपकर निकलती और कतार में लगे लोग उसे खरीदने के लिए लपक पड़ते। देखते-देखते पहला विशेष संस्करण खत्म हो गया। दो घंटे बाद दूसरा संस्करण छपा। बिजनौर टाइम्स का तीसरा विशेष संस्करण रात नौ बजे निकला, उसमें कार्यवाहक प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की शपथ ग्रहण का ताजा समाचार था। यह संस्करण भी बाजार में आते ही हाथों हाथ बिक गया। इस तरह 27 मई को बिजनौर टाइम्स ने अपना दाम पांच पैसे होते हुए भी पांच रुपये में बिकने का जो रिकार्ड बनाया। उस समय पांच रुपये बहुत बड़ी रकम होती थी।




बिजनौर टाइम्स के संस्थापक स्व. बाबू सिंह चौहान पं. जवाहर लाल नेहरु के आदर्शों और सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध थे। वे जीवन पर्यंत समाजवाद तथा धर्मनिरपेक्षता के लिये समर्पित रहे और नेहरु के पंचशील पर चलते हुए वे शांति योद्धा के रूप में तत्कालीन सोवियत संघ की राजधानी मास्को तथा प्राग (चेकोस्लोवाकिया), बुडापेस्ट (हंगरी) में हुए विश्व शांति सम्मेलनों में भाग लिया।

पं. नेहरु ने स्वतंत्रता के दौरान जेल में रहते हुए 'भारत एक खोज' बहुमूल्य पुस्तक लिखी जो कि भारत के आकार लेने की कथा है। जेल में तो लाइब्रेरी थी नहीं, नेहरु जी ने अपनी बुद्धि, प्रतिभा तथा कल्पना के आधार पर यह शोधपरक पुस्तक लिखी जो कि आज भी प्रासंगिक है, उस पर दूरदर्शन ने 'भारत एक खोज' सीरियल भी बनाया। ठीक इसी प्रकार बाबू सिंह चौहान अपनी पत्रकारिता की यात्रा के दौरान सम्प्रदाय, जाति, वर्ग विहीन भारत की खोज में संलग्न रहे। उनकी कल्पना में भारत ऐसा देश है, जिसमें शोषण न हो, जिसमें समानता हो। वे समाजवाद के पुरोधा थे और अंतिम सांस तक वे साम्प्रदायिक सौहार्द की अलख जगाते रहे।



– **चंद्रमणि रघुवंशी**

# जन विश्वास, व्यंग्य और सत्य का सशक्त स्वर

पत्रकारिता के इतिहास में कुछ नाम समय की धारा पर अमिट छाप छोड़ जाते हैं। 'बिजनौर टाइम्स' ऐसा ही एक नाम है—सिर्फ़ एक अख़बार नहीं, बल्कि जनमानस की भावनाओं का आईना और विचारों की चेतना का प्रतीक।

14 नवम्बर 1963 को जब बिजनौर टाइम्स का पहला अंक प्रकाशित हुआ, तब से लेकर आज तक यह अख़बार न सिर्फ़ ख़बरें देता आया है, बल्कि बिजनौर की मिट्टी की खुशबू, लोगों की उम्मीदें और समाज की नब्ज़ को शब्दों में ढालता रहा है।

प्रधान सम्पादक श्री चन्द्रमणि रघुवंशी जी,
प्रबंध सम्पादक डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी जी,
सम्पादक मंडल और पूरा बिजनौर टाइम्स परिवार— इन सबका समर्पण और सतत परिश्रम इस अख़बार को जन विश्वास का पर्याय बनाता है।

पिछले 62 वर्षों में बिजनौर टाइम्स ने सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक मुद्दों को निर्भीकता से उठाया। यह अख़बार आमजन की आवाज़ बना—किसानों की व्यथा, युवाओं की आकांक्षाएं, शिक्षा की चुनौतियां या शासन-प्रशासन की नीतियां- हर विषय पर बिजनौर टाइम्स ने जनता के हित में क़लम चलाई।

आज बिजनौर टाइम्स की पहचान सिर्फ़ गंभीर समाचारों से नहीं, बल्कि उसकी हास्य-व्यंग्य की धार से भी है। पाठकों के दिलों में बसने वाला उसका लोकप्रिय स्तंभ 'ललुआ-बापू' वर्षों से मुस्कान के साथ सोचने पर मजबूर करता रहा है। ललुआ की मासूम जिज्ञासाएं और बापू के तंजभरे जवाब न केवल राजनीतिक घटनाओं पर व्यंग्य करते हैं, बल्कि हमारे समाज की सच्चाइयों को भी उजागर करते हैं। इसकी यही सादगी, इसकी स्थानीय बोली की मिठास बिजनौर टाइम्स को अपने पाठकों के और करीब लाती है।

आज के इस डिजिटल युग में जब अनेक समाचार-पत्र अपना अस्तित्व खो चुके हैं, तब भी बिजनौर टाइम्स ने अपने अस्तित्व, सिद्धांत और स्वाभिमान को अक्षुण्ण रखा है।

आज यह अख़बार छपाई से लेकर ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म तक वही सादगी, निष्पक्षता और लोक सरोकार की परंपरा निभा रहा है जो इसकी आत्मा रही है। 62 वर्षों की इसकी यह यात्रा पत्रकारिता के स्वर्ण अध्यायों में दर्ज है। यह अख़बार केवल बिजनौर का गौरव नहीं, बल्कि सच्ची और जनोन्मुख पत्रकारिता का ज्वलंत उदाहरण है।

ललुआ-बापू की शैली में एक झलक

ललुआ-बापू! सुना है आज बिजनौर टाइम्स की सालगिरह है?

बापू-हां बेटा, आज ही के दिन छपी थी पहली बार-1963 में।

ललुआ-तो फिर बापू, इस अख़बार ने इतना लंबा सफ़र कैसे तय कर लिया?

बापू-सच लिखने का हौसला और जनता के दिल में जगह- बस यही है असली ताकत!

ललुआ-मतलब, बापू! बिजनौर टाइम्स तो साठ साल से ज़्यादा से सच्चाई की चौकीदारी कर रहा है!

बापू (मुस्कराते हुए)-हां रे ललुआ, और जब तक सच्चाई ज़िंदा है, तब तक बिजनौर टाइम्स का नाम भी चमकता रहेगा!

बिजनौर टाइम्स परिवार को 62वीं वर्षगांठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आपकी क़लम यूं ही सत्य, व्यंग्य और संवेदना की ज्योति फैलाती रहे।



**-डॉ. अरविन्द राजपूत**
**असिस्टेंट प्रोफेसर**
**नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन, नजीबाबाद, बिजनौर।**

# ममदानी के आशावाद में बाबूजी की यादें

**-प्रो. अमित सिंह**
**आरएसएम (पीजी) कॉलेज धामपुर**



उर्दू का एक पुराना शेर है- **साज से जो निकली वो धुन सबने सुनी है, साज पे जो गुजरी वो किसको पता है।**

आइए लोकतंत्र की शुरूआती यात्रा में चहल कदमी करते हैं। फ्रांस की क्रांति और अमेरिकी क्रांति से लोकतंत्र की शुरूआत होती है। स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के विचार से लोकतंत्र का ख्याल और तसव्वुर समूची दुनिया में फैल जाता है। यकीनन छा जाता है। गरीबों, मजदूरों, किसानों, कमजोरों और आम आदमी की बात करने वाला लोकतंत्र का कर्म, मर्म और धर्म सभी को छूता है। उनका मन भाता है लेकिन भूमंडलीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के युग में लोकतंत्र पूंजीपतियों की चाकरी में लग जाता है। राज्य सेवा के बजाय लाभ के नफे नुकसान को अपना धर्म मानने लगता है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे समूचे विश्व में देखी जा रही थी। यूं तो स्वयं अमेरिका पूंजीवाद का मक्का रहा है। न्यूयॉर्क इसका गढ़ माना जा रहा था। ऐसे में न्यूयॉर्क का चुनाव और उसका परिणाम हमारा ध्यान आकर्षित करता है। यह चुनाव न्यूयॉर्क के मेयर के पद के लिए था।

मेयर के इस चुनाव में ममदानी जीत जाते हैं। उनके पिता मुसलमान हैं और माता भारतीय। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर मामदानी का विरोध किया था। उनके मुसलमान होने पर उनके अल्पसंख्यक होने पर और गरीबों के हक की बात करने पर ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से उनकी खिल्ली उड़ाई थी। न्यूयॉर्क के मेयर पद पर चुनाव के दौरान ममदानी ने गरीबों के महंगे किराए, उनकी बस यात्रा महंगाई की मार जैसे मुद्दों की बात उठाई। आज उनके जितने से समूची दुनिया में एक आशावाद का माहौल दिखाई दे रहा है। मसलन शासन का उद्देश्य आर्थिक असमानता को दूर करना, सामाजिक न्याय की स्थापना अल्पसंख्यकों को आवाज देना और गरीब कमजोरों को उनका हक देना भी होना चाहिए। आशा, विश्वास एवं उत्साह के इस दौर में सहसा बाबू सिंह चौहान याद आते हैं।

बाबू सिंह चौहान के द्वारा 14 नवंबर 1963 को बिजनौर टाइम्स की स्थापना की गई। भारत में यह दौर पूंजीवाद का दौर नहीं था। समाजवादी स्वप्न हवाओं में गूंज रहा था। ऐसे दौर में भी बाबूसिंह चौहान ने समय के रंग ढंग को समझा। उनका विजन बहुत साफ था। विजनरी लोग समय से पहले उसकी आहट को समझ लेते हैं। बाबूजी ने एक और सत्ता की निरंकुशता का निरंतर विरोध किया दूसरी ओर उन्होंने गरीबों, कमजोरों, किसानों और अल्पसंख्यकों की बात की। उनकी लोकतंत्र की समझ बिल्कुल साफ थी। सत्ता सदा शक्ति की पूजा करता है। शक्ति का रास्ता पूंजी से गुजरता है, इसलिए उन्होंने समय से पहले ही ग़रीबों और आम आदमी को ताकत दी। अख़बार के माध्यम से धीरे-धीरे अख़बारों में पूंजी की ताकत बढ़ गई और अख़बार कब सरकारों की तरफदारी और चापलूसी में लग गए इसका किसी को पता ही नहीं चला।



भारत में वर्ष 1991 में नई आर्थिक नीतियों के आरंभ होने से मीडिया में पूंजी का प्रभाव जबरदस्त तरीके से बढ़ा है। आज अख़बार केवल राजनीति, खिलाड़ियों और सेलिब्रेटिंग की बात करता है। मुकेश अंबानी के बेटे की 5000 करोड़ रुपए की शादी की चर्चा अख़बार करता है, लेकिन लाखों किसानों ने भारत में आत्महत्या की, इसकी कोई चर्चा परिचर्चा नहीं होती है। हजारों सफाईकर्मी शहर में सफाई के दौरान मर जाते हैं, लाखों लोग हर साल सड़क दुर्घटना में मर जाते हैं। यह कोई नहीं जानता है, लेकिन क्रिकेट के ख़बर में समूचा अख़बार डूब जाता है। आज बाबूजी जिंदा नहीं हैं, लेकिन बिजनौर टाइम्स इस चेतना और समझ को अख़बार के माध्यम से जनता की भावनाओं से जोड़ने का काम कर रहा है। पूंजीपतियों के ग्लैमर के बजाय यह किसानों, कमजोरों, अल्पसंख्यकों और मजदूर को स्पेस देता है। उनकी बात उठाता है। आज की राजनीति में विपक्ष को अनसुना करने की नई परंपरा का जन्म हुआ है, लेकिन बिजनौर टाइम्स सभी पक्षों को निष्पक्षता से प्रस्तुत करता है। यह संस्कृति साहित्य और सद्भावना की भी रिपोर्टिंग करता है। इसकी संपादकीय में निष्पक्षता रहती है। विचार, विश्लेषण और मौलिक दृष्टि। केवल समस्या नहीं समाधान की बानगी भी संपादकीय में देखी जा सकती है। चंद्रमणि रघुवंशी, जो बिजनौर टाइम्स के संपादक हैं। उनकी लेखनी में आज भी बाबू सिंह चौहान का अक्स देखा जा सकता है। ऐसा लगता है बाबू सिंह चौहान आज भी जिंदा हैं अख़बार के रूप में।

# इन जैसे बच्चों के लिए 'बाल दिवस' का कोई अर्थ नहीं

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर हर वर्ष पूरे देश में बाल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। स्कूलों में कार्यक्रम होते हैं, बच्चों को उपहार दिये जाते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की जाती हैं। परंतु इन उत्सवों के बीच समाज का एक कटु सत्य आज भी अनदेखा बना हुआ है–गरीबी की मार झेलते वे मासूम बच्चे, जिनके लिए बाल दिवस सिर्फ कैलेंडर की एक तारीख भर है।

जब देशभर में बाल अधिकारों और शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर हजारों गरीब बच्चे दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करने के लिए मजदूरी करने को मजबूर हैं। सड़क किनारे काम करते, ढाबों पर बर्तन साफ करते, निर्माण स्थलों पर ईंटें ढोते, रिक्शा ढोते ये बच्चे उस 'बाल दिवस' से कोसों दूर हैं, जिसका मूल संदेश ही बाल कल्याण है। यह तस्वीर समाज और व्यवस्था दोनों के लिए शर्मसार करने वाली है।



हर माता-पिता अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य के सपने देखते हैं, लेकिन गरीबी इन सपनों को परवान चढ़ने से पहले ही तोड़ देती है। सरकार की ओर से मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन



जैसी कई योजनाएं जरूर चलाई जा रही हैं, पर जमीनी हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार व उदासीनता के कारण कई योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय रहते नहीं पहुंच पाता। नतीजतन पढ़ाई से पहले पेट भरने की मजबूरी इन मासूमों को किताबों से दूर और मजदूरी की ओर धकेल देती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन हो, जागरूकता अभियान चलाए जाएं और बाल श्रम पर सख्ती से रोक लगे, तो इन बच्चों का भविष्य संवर सकता है। जरूरत है संवेदनशीलता और गंभीर प्रयासों की, ताकि बाल दिवस वास्तव में हर बच्चे की मुस्कान का पर्व बन सके।

बाल दिवस तभी सार्थक होगा, जब देश का हर बच्चा शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसरों का हकदार बने–बिना किसी भेदभाव के।

**खबर व फोटो :-अतुल मिंटू व मुकुल पाल**

# सुमन चौधरी ने लिटरेचर फेस्टिवल में भाग लिया, काव्य पाठ किया



**बिजनौर( चिंगारी )।** एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट एंड लिटरेचर, नई दिल्ली के तत्वावधान में 66वें फोसवाल लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया गया। चार दिवसीय कार्यक्रम श्री फोर्ट दिल्ली के सभागार में संस्था की अध्यक्षा अजीत कौर, पदम श्री उपाध्यक्ष श्री देव प्रकाश चौधरी एवं सुप्रसिद्ध चित्रकार अपर्णा कौर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में भूटान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, रशिया एवं भारत के लेखकों, कवियों ने सांस्कृतिक कर्मियों की सहभागिता रही। विभिन्न भाषाओं में काव्य पाठ किया गया, वैचारिक गोष्ठी, सोलो नाट्य प्रस्तुति भी सराहनीय रही। फोसवाल समारोह में बिजनौर की वरिष्ठ साहित्यकार सुमन चौधरी सुमन को भी भाग लेने का सुअवसर मिला।

# ओमकुमार के प्रयास से महेश्वरी जट में खुली पुलिस चौकी

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र में अपराध व असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने के उद्देश्य से क्षेत्र की जनता की मांग पर विधायक ओमकुमार के प्रयास से थाना क्षेत्र के गांव महेश्वरी जट में पुलिस चौकी खोली गई है, जिसका उद्घाटन मंत्र उच्चारण के बीच विधायक ओमकुमार एवं नगीना सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा विधायक ओम कुमार ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से तथा असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोतवाली देहात थाने के अंतर्गत महेश्वरी जट गांव में पुलिस चौकी खोलकर सरकार ने क्षेत्र की शांतिप्रिय जनता को सुरक्षा प्रदान करने का कार्य किया है। उन्होंने चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार से जनता को न्याय दिलाने में सहयोग करने को कहा। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने चौकी के निर्माण में विधायक ओमकुमार द्वारा किये गये



प्रयासों व सहयोग की सराहना की। थाना अध्यक्ष प्रवेज कुमार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के महेश्वरी मंडल के मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, जिला सहसंयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ रवि प्रजापति, भूरे सिंह, शिवकुमार कश्यप ओबीसी मोर्चा, कुलदीप त्यागी, दिनेश त्यागी, टीकम सिंह, विनीत चौधरी, रोबिन चौधरी, अनिल चौधरी, ऋषि त्यागी, महिपाल प्रधान, सुरेश भगत, शक्ति केंद्र संयोजक जितेंद्र कश्यप, डॉ. जितेंद्र, ग्राम प्रधान लालपुर, दीपक चौधरी आदि काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बल्ला शेरपुर में मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**नहटौर( चिंगारी )।** ग्राम बल्ला शेरपुर में गुरुवार को एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ योगेंद्रपाल योगी अध्यक्ष विवेकानंद दिव्य भारती उत्तर प्रदेश एवं अरविंद अहलावत जिला व्यायाम शिक्षक द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।

दौड़ 50 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग में शगुन रुखड़िओ, बालक वर्ग प्राथमिक वर्ग में विलासपुर से शौर्य, 100 मीटर दौड़ बालक प्राथमिक वर्ग में असद नसीबपुर जश्मोरा,100 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग से इनाया वाजिदपुर, 200 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग में शौर्य विलासपुर, 200 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग में शगुन रुखदियों, 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में असद जस्मोरा, दौड़ 400 मीटर प्राथमिक बालिका वर्ग में सिमरन महमूदपुर मिल्क, लंबी कूद प्राथमिक बालक वर्ग में असद बूढ़पुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जूनियर वर्ग में 100 मीटर



दौड़ में प्रिंस नारायणपुर, 200 मीटर में ऋतिक किशनपुर भोगन, 400 मीटर में ऋतिक किशनपुर भोगन, 600 मीटर दौड़ में प्रिंस नारायणपुर, लम्बी कूद में वासु कंपोजिट विद्यालय बल्ला शेरपुर, ऊंची कूद में निशांत अल्हेदादपुर मुबारक, पीटी में कंपोजिट गिलाड़ी, योग में कंपोजिट गिलाड़ी योगा, बालिका में नचे नकीब पुर, वॉलीबॉल में कंपोजिट काजीपुरा, वॉलीबॉल में नचे इब्राहिमपुर साधो, बैडमिंटन में कंपोजिट जलालपुर आसरा से प्रीत कुमार, बैडमिंटन बालिका में दामिनी नसीरपुर बुजुर्ग आदि बच्चों ने बाजी मारी। कार्यक्रम का समापन विधायक ओमकुमार ने किया। विधायक ओमकुमार और ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार लकी और रामोतार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# विवादित भूमि पर अवैध प्लाटिंग व निर्माण का आरोप, शिकायत

**बिजनौर (चिंगारी)।** किरतपुर के मुहल्ला अंबेडकर नगर स्थित सेंट पीटर्स स्कूल के सामने स्थिति भूमि को लेकर नया विवाद सामने आया है। लोगों ने आरोप लगाया कि लगभग 0.7620 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से कालोनी की प्लाटिंग और निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि यह भूमि न्यायालय में विचाराधीन है। यह भूमि फरवरी 2016 में शमशुद्दीन नामक व्यक्ति द्वारा वसीयत पर अपने नाम दाखिल-खारिज कराई गई थी, हालांकि, तहसीलदार न्यायालय नजीबाबाद ने तीन फरवरी 2016 को उक्त दाखिल-खारिज आदेश को निरस्त करते हुए अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया है। शहाबुद्दीन मकरानी ने दी। डीएम से की शिकायत में कहा है कि अब यह भूमि उनकी दादी नूरजहां पत्नी हाजी अली बख्श के नाम दर्ज हो चुकी है। इस पर खरीद-फरोख्त, बैनामा या प्लाटिंग पूरी तरह अवैध है। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर अवैध निर्माण और भूखंड बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया

**धामपुर (चिंगारी)।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के तत्वावधान और बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक श्री रामदास जी महाराज के सानिध्य में श्रीमती वंदना गौड़ और आशीष कुमार के निवास पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भजन गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिवार के संरक्षक, योगेन्द्र कुमार शर्मा, श्रीमती सुषमा शर्मा, मुख्य यजमान आशीष कुमार और उनकी पत्नी श्रीमती वंदना गौड़ तथा मानस विशिष्ठ ,दर्श वशिष्ठ के साथ कन्या इण्टर कालेज की शिक्षिका श्रीमती सबिता रानी, श्रीमती नीरज राणा, लक्ष्मी देवी, सुषमा देवी, नीना जैन , नीना वर्मा, प्रभुता अग्रवाल, गीता शर्मा (एस बीडी), मिथलेश, प्रीति, गीतम चौहान, धमेन्द्र चौहान, सौरभ अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, संयम गुप्ता आदि भक्तों की उपस्थिति रही। पूजन समारोह पंडित पवन कौशिक महाराज ने संपन्न कराया। बजरंगबली दरबार में सेवा करने वाले मुख्य सेवक सेविकाओ में सुभाष चंद्र कौशिक, पंकज भटनागर, एडवोकेट यतेंद्र शर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री, मेघराज सिंह प्रजापति, मयंक सिंघल, डॉ. अनुज कुमार वर्मा, महेन्द्र सिंह, मुकेश वर्मा, श्रीमती नमिता वर्मा, श्रीमती चंचल देवी, श्रीमती मुन्नी देवी, अनिल चौधरी और चेतन सैनी शामिल रहे। समिति की ओर से तरुण शर्मा शास्त्री, पंकज भटनागर ने आयोजन करने वाले परिवार को भगवान राम के नाम वाला एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## -:मां का प्यार:-

मां सा सुख, मां सी ममता, मां का दुलार, मां का प्यार,
मां की गोद, मां सा स्नेह, मां सा मन, मां सी पुचकार,
मां सी चिंता, मां सी छांव, मां सा दर्द, मां सा आंचल,
मां से आंसू , मां सी नजर, मां ही होता हैं पूरा संसार।
मां सी सीख, मां से विचार, मां सा दर्पण, मां से संस्कार,
मां सा घर, मां सी खुशी, मां सा लाड़, मां सा चाव,
मां सा गुरूर, मां सी फिक्र, मां जीवन,मां सा अभिमान,
मां बिन कुछ भी नहीं, मां से ही होता है पूरा परिवार।
मां जग, मां जगत, मां जननी, मां धरा, मां धरनी,
मां सा सान्निध्य, मां सी करूणा, मां सी भावना,
मां सी पकड़, मां सी जकड़, मां की नजरों का पहरा,
मां बिन अधूरा, मां करती सब अपनों का पूरा घर वार।

– विनीता अग्रवाल

## योगेश भारद्वाज को पितृशोक, आरिष्टी कल मेरठ में



**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के साहित्य विहार निवासी शिक्षाविद्, एवीआई के डायरेक्टर योगेश भारद्वाज के पूज्य पिता जी श्री ओमदत्त शर्मा का गत दिनों निधन हो गया। स्व. ओमदत्त शर्मा सरल एवं धार्मिक प्रवृत्ति के नेक इंसान थे। उनके निधन से लोगों में शोक व्याप्त हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। स्व. ओमदत्त शर्मा की आरिष्टी/तेरहवीं कल शनिवार, 15 नवम्बर को त्रिदेव पार्क, फेज 3, सोमदत्त विहार, गढ़ रोड, मेरठ में होगी। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को यह दारूण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है।

## आखिर कब तक?



जब घर में बैठे लोगों के दिल से, डर कम हुआ था आतंक का, तब चल दिए थे वो परिवार के संग, मनाने जश्न बहार का, मगर दुश्मन ने मौका देख उन पर वार किया, उजड़ गया सिंदूर नई सुहागन का बिछड़ गया कोई बेटा इकलौते परिवार का, ज़रा भी तरस ना आया जालिमों को न जाने कितने घरों को बर्बाद किया, पर चुप हम भी ना बैठे तब हमने भी उनको जवाब दिया,सुन भारत मां की पुकार उठी जवानों की ललकार, हिला दी धरा दुश्मन की, जब उनका शौर्य गूंजा, वीर चला जब सीमा पर आंखों में था प्रतिशोध भरा, हर सांस में वंदे मातरम् का नारा हर दुश्मन का घर था अब रक्त से भरा, जिससे चमका भारत मां का सितारा, रक्त से लिखा एक नया दस्तूर,जिससे चमका भारत मां का सिंदूर!

ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नारा नहीं ये भारत मां की पुकार थी, सीने पर वार सहकर भी वीरों ने की जय जयकार थी!

पर दुश्मन कभी ना सुधरेगा उसने तो कसम खाई है, फिर उसने दिल्ली पर बम विस्फोट करके ओछी हरकत दिखाई है, बनता ऐसे है जैसे उसने ना आग लगाई है, पर चुप हम भी ना बैठेंगे हमने भी करली पूरी तैयारी है, फिर दुश्मन को सबक सिखाना है, फिर अपने देशवासियों के दर्द पर मरहम लगाना है, आखिर कब तक चलेगा ये विरोधाभास , कब तक उजड़ेगा सुहागिनों का सुहाग, कब तक होंगे दोनों तरफ आम आदमी के घर बर्बाद ?

-शिखा अग्रवाल, बिजनौर
(दिल की आवाज़)

## अभिषेक हत्याकांड के अभियुक्त विक्रांत उर्फ़ विक्की की ज़मानत याचिका ख़ारिज

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने अभिषेक हत्याकांड के अभियुक विक्रांत उर्फ विक्की की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण राजपूत एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ता मनोज ढ़ाका के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम खतापुर उर्फ अतापुर निवासी अभिषेक कुमार पुत्र सुखवीर सिंह की ढाबे पर कहा सुनी हो गई थी। कहा सुनी के दौरान विक्की ने जान से मारने की धमकी दी थी। 8 अक्टूबर 25 को रात्रि में क़रीब साढ़े नौ बजे अभिषेक व हिमांशु खाना खाने के लिए नूरपुर रोड स्थित पटियाला शाही ढाबे पर गए थे। वहां खाना खाते समय गांव के ही विक्की उर्फ विक्रांत एवं मोनू पुत्रगण ध्यान सिंह तथा ध्यान सिंह धारदार हथियार लेकर आए और दोनों को जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। उपचार के दौरान अभिषेक की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में जिला जज संजय कुमार ने अभियुक्त विक्रांत उर्फ विक्की की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।

## अब दादा मरे या नानी, मैयत के खाने में नहीं बनेगी बिरयानी

**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन सेवा ने मैयत के खाने में बिरयानी बनाये जाने के खिलाफ मुहिम चला रखी है। यूनियन के कार्यकर्ताओं का प्रयास होता है कि वे लोगों को राज़ी कर मैयत के खाने में बिरयानी की बजाये काली दाल की खिचड़ी बनवायें।

### भाकियू सेवा की मुहिम रांग लाई

यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकरम उस्मानी के अनुसार उन्हे इस मुहिम में लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। श्री उस्मानी ने बताया कि 13 नवंबर 2025 को ग्राम रामपुर बिसना में मोहम्मद शाकिर का इंतकाल हो गया था। गांव के भारतीय किसान यूनियन सेवा के कार्यकर्ता मोहम्मद शाहिद अल्वी, मोहम्मद वसीम, मोमिन, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद इमरान, रईस अहमद, शकील अहमद, मोहम्मद सत्तार, गफ्फार अहमद, गुलशेर आदि ने गांव के लोगों को मैयत के खाने में बिरयानी ना बनाकर काली दाल की खिचड़ी बनवाने के लिए राज़ी किया। गांव के लोगों ने भाकियू सेवा की इस मुहिम की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि अब उनके गांव में मैयत के खाने में कभी बिरयानी नहीं बनेगी।

## पत्रकार लव अग्रवाल की माता जी का निधन

**झालू (चिंगारी)।** कस्बा झालू के प्रमुख पुस्तक विक्रेता राजकुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी एवं पत्रकार लव अग्रवाल की माता जी श्रीमती पूनम अग्रवाल उम्र लगभग (58 वर्ष) का लम्बी बीमारी के बाद गुरुवार दोपहर निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर के सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक एवं पत्रकारिता से जुड़े लोगों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। परिवारजनों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, व्यापारियों में शोक व्याप्त हो गया। दिवंगत महिला अपने सरल, सौम्य और धर्मनिष्ठ व मिलनसार स्वभाव के कारण सभी के बीच सम्मानित थीं। उनकी अंतिम यात्रा में भारी संख्या में गणमान्य लोग शामिल रहे। आज सुबह बिजनौर बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिंगारी परिवार की और से हार्दिक शोक संवेदना।

## प्ले स्कूल में हुआ सेफ मेड एक्टिविटीज का आयोजन



**अफ़जलगढ़ (चिंगारी)।** नगर के धामपुर रोड स्थित टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में प्ले व नर्सरी क्लास के बच्चों के बीच सेफ मेड एक्टिविटीज का आयोजन कराया गया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर नाना प्रकार के अपनी पसंद के फूड एवं अन्य वस्तुएं तैयार किए। इस दौरान स्कूल की प्रबंधक प्रधानाचार्या मिस फातिमा ने बच्चों को सेल्फ मेड एक्टिविटीज के बारे में जानकारी दी और उन्हें जीवन में इसकी महत्ता के बारे में बताया। मिस फातिमा ने बताया कि बच्चों में स्वावलंबन की भावना व रचनात्मकता को बढ़ावा देना और खाने-पीने की चीजों की पहचान कराना एक्टिविटीज का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रकार की एक्टिविटीज के माध्यम से बच्चों की जीवन शैली में सुधार लाना मकसद है। इस आयोजन को सफल बनाने में मिस फातिमा के दिशा-निर्देशन में स्कूल की शिक्षिकाओं बुशरा खान, शारिया खान, तहुरा फरीदी व नजमा स्वालेहा का भी अहम रोल रहा।

# मिर्जापुर ढीकली में निकला भव्य नगर कीर्तन








**नूरपुर/खासपुरा (चिंगारी)।** ग्राम मिर्जापुर ढीकली में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्स्व के उपलक्ष्य में गुरुबाणी कीर्तन दरबार के आयोजन के साथ ही भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुबाणी कीर्तन दरबार में रागी मनप्रीत सिंह कानपुरी, भाई गुरविंदर सिंह रिंकू ने संगत को गुरु नानक देव जी की वाणी से निहाल किया। कीर्तन दरबार का संचालन वीरेन्द्र सिंह छोटू ने किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी द्वारा सेवादार गुरुप्रीत सिंह, उज्जवल सिंह, अमरजीत सिंह एडवोकेट, त्रिलोचन सिंह, अभिषेक कोमल, अजय सिंह राठौर मुम्बई, धर्मेन्द्र सिंह प्रधान, हरमन्दर सिंह, महावीर सिंह, हरभजन सिंह अमन, रिंकू सिंह भाटिया, सतनाम सिंह, गुणवंत सिंह, भूटा सिंह आदि को सरोपा साहिब देकर सम्मानित किया गया। अरदास उपरांत पंज प्यारों की अगुवाई और गुरू ग्रंथ साहिब की क्षत्रछाया में नगर कीर्तन का शुभारम्भ हुआ। नगर कीर्तन में बैंड, अखाड़ा, झांकियां आदि शामिल रहे। गतका समूह ने अपने हैरतअंगेज करतबों से लोगों को रोमांचित किया। आतिशबाजी भी आकर्षण का केन्द्र रही। नगर कीर्तन व्यवस्था में गुरमीत सिंह, कुलदीप सिंह, कमलजीत सिंह, मनमीत सिंह, हरभजन सिंह दीपू, उज्जवल सिंह, राजेन्द्र सिंह डिम्पल आदि मौजूद रहे।

## क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में मनाया गया बाल-दिवस




**चांदपुर (चिंगारी)। मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित बास्टा रोड चांदपुर स्थित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य नदीम बख्श व समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों के लिए विशेष प्रस्तुतियां दीं। शिक्षक सारिम फरहत ने मनमोहक कविता पाठ कर सबका दिल जीत लिया। शिक्षिका सानिया ने बालकों के अधिकार और उनके उज्ज्वल भविष्य पर सारगर्भित भाषण दिया। शिक्षिका अतिया ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा और अनुशासन की भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षिका जैबी ने बच्चों को मेहनत, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं में रुश्दा, मदीहा, उरूज, सानिया, आयशा, नबीहा आदि ने नृत्य, समूहगान एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंच को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर शैक्षणिक इंचार्ज शहज़ाद खान ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण देना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य नदीम बख्श ने अपने संबोधन में कहा कि बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। विद्यालय सदैव बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## बाल दिवस पर रामनाथ स्कूल में हुआ खेलों का आयोजन



**नूरपुर (चिंगारी)।** बाल दिवस पर रामनाथ इंटरनेशनल स्कूल में खेलों का आयोजन हुआ। क्षेत्र के गांव आजमपुर स्थित रामनाथ इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष दिवस में क्रिकेट मैच, नींबू रेस और बच्चों का फोटो सेशन प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे दिन खुशियों का माहौल बना रहा। प्रधानाचार्य राजीव शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। बाल दिवस पर विद्यालय प्रबंधन रचित शर्मा व शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## होम्योपैथिक चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**स्योहारा (चिंगारी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में संचालित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय जगीर का जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकार U(DHMO) ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होम्योपैथिक चिकित्सालय पर मेडिसिन और साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। इस मौके पर डॉ. आंचल त्यागी व योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## धड़ल्ले से हो रहा खनन



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव में खनन माफिया सक्रिय हैं। रात के अंधेरे में वह खनन कर डीएम के आदेशों की खुली धज्जियां उड़ा रहे हैं, जिसमें हलका लेखपाल की मिलीभगत बताई जा रही है। गांव में आजकल नई कॉलोनी बसाई जा रही है। गुपचुप ढंग से मिट्टी भराव कराए जाने से रात के अंधेरे में वहां ट्रैक्टरों की आवाज़ें गूंजती रहती हैं। उधर ठेकेदारों का कहना है कि किसान की अनुमति से उसके खेत से मिट्टी उठान कर कॉलोनी के रास्तों का भराव कराया जा रहा है।

## पालिकाकर्मियों को दिया प्रशिक्षण



**नहटौर (चिंगारी)।** नगर पालिका में आयोजित बैठक में सूचना प्राप्त किए जाने के लिए नगर पालिका कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर पालिका परिषद नहटौर में मुरादाबाद मंडल के गजेटियर प्रकाशन के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभासद, नगर पालिका कर्मचारियों व नगर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने नगर के समस्त नागरिकों की सूचना प्राप्त किये जाने के लिए नगर पालिका कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। इस अभियान के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा एक निर्धारित फॉर्मेट पर नगरवासियों से उनकी आय-व्यय, जाति, सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं के प्राप्त होने के संबंध में व अन्य सुविधाओं के प्राप्त होने के संबंध में एवं अन्य बिंदुओं पर सूचना प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सभासद मास्टर शराफत, लिपिक रमेश चंद, सलीम अहमद, अकरम इब्राहिम, कपिल कुमार, हर्ष जैन, शाहज़ेब आलम, अतुल राज आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर द्वारा समाज को किया गया जागरूक




बिजनौर (चिंगारी)। रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में, रेडियो संदेश (स्थित कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर) की टीम द्वारा साईं पुरम कॉलोनी, काली मंदिर रोड, बिजनौर में पूर्व सैनिक श्री सुनील अग्निहोत्री के निवास पर एक जागरूकता कार्यक्रम व नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेहत सही–लाभ कई विषय के अंतर्गत गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए उचित पोषक भोजन, फलाहार, आयरनङ्ककैल्शियम का महत्व, तथा शिशु जन्म के बाद माँ एवं नवजात की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। टीम कोडिनेटर सुनील भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, टीकाकरण, नियमित जांच, साफङ्कसफाई तथा जन्म के बाद नवजात की पोषण आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण में मातृ व शिशु स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की गई। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने भी सभी को शुभकामनाएं दी तथा जागरूकता अभियान हेतु सभी का आभार जताया। कार्यक्रम मे रेडियो संदेश टीम से डॉ अजय कुमार, मनोज यादव, सारिका चौधरी, शबाना बेग एवं नरेश नागर, सुनील अग्निहोत्री, एएनएम छाया शर्मा, डॉ. संजीव शर्मा, मलखान सिंह, रफीक अहमद, रियासत हुसैन आदि सम्मानित गण उपस्थित रहे।

# ड्रैगंस हाउस ने जीता फाइनल मैच




नगीना (चिंगारी)। एस.एस.के. इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ड्रैगंस हाउस ने स्कॉर्पियो हाउस को 22 रनों से हराकर जीत लिया। बृहस्पतिवार को स्कूल के खेल मैदान पर प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्कॉर्पियो हाउस व ड्रैगंस हाउस के बीच हुआ। स्कॉर्पियो हाउस में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। ड्रैगंस हाउस ने पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवर में सभी विकेट खोकर 119 रन बनाएं। जवाब में स्कॉर्पियो हाउस की टीम 97 रन पर ही आउट हो गई ड्रैगंस हाउस के खिलाड़ी नकुश को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक साहू, अनुभव अग्रवाल व सिद्धि अग्रवाल ने क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता ड्रैगंस हाउस के कप्तान अली को चमचमाती हुई ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंशु बिश्नोई भी मौजूद रही।

# दस दिन पूर्व हादसे में घायल वृद्ध की मौत

चांदपुर (चिंगारी)। दस दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल वृद्ध की मौत हो जाने से उनके घर में कोहराम मच गया। ग्राम स्याऊ निवासी छत्रपाल सिंह चौहान (58 वर्ष) 4नवम्बर को गंगा स्नान के लिए विदुर कुटी गये परिवार वालों को गैस चूल्हा देकर मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा जाने से वे गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। गुरुवार को उनका निधन हो गया।

# 20 नवम्बर को लगेगा बिजनौर में आई कैम्प



बिजनौर (चिंगारी)। नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी व समाजसेवी रघुनाथ प्रसाद, विरेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा प्रत्येक माह लगाये जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रृंखला में इस माह 20 नवम्बर गुरुवार को आयोजित किया जायेगा। प्रात: 9 बजे से नूरपुर रोड स्थित अग्रवाल भवन में लगने वाले इस कैम्प में ऋषिकेश से निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट की कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा आंखों की जांच व परामर्श दिया जायेगा। आयोजकों द्वारा बताया गया है कि जिन रोगियों को मोतियाबिंद का आप्रेशन कराना है व अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लायें।

# युवक को चाकू से किया घायल पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज

**नूरपुर (चिंगारी)। चाकू से हमला कर युवक को घायल करने के आरोप में पिता–पुत्र के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है। थानाक्षेत्र के गांव शुजातपुर टिक्कर उर्फ अहीरपुरा निवासी गजराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत बुधवार को उसका पुत्र कमल कुमार गांव के चौराहे पर खड़ा था। इस दौरान बेगराज सिंह ने अपने पुत्र अंकुल के साथ मिलकर गाली–गलौच करते हुए उसपर चाकू से हमला कर दिया। हमले में उसका पुत्र कोमल गम्भीर रूप से घायल होगया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी पिता–पुत्र के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।**

# ठण्ड के साथ-साथ बढ़ रही ग़रीबों की चिंताएं

## समय रहते आगे आएं सक्षम व्यक्ति एवं संस्थाएं



वन्यजीवों की रोकथाम को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। ठंड को लेकर जहां एक ओर सक्षम व्यक्ति व्यवस्थाओं में लग गए हैं। वहीं इस बार कुछ ज्यादा ही पड़ने वाली कड़ाके की ठंड की संभावना के मद्देनजर गरीबों को चिंता सताने लगी हैं। कड़ाके की सर्दी के बीच रोज मजदूरी कर पेट भरने वाले मजदूर बेबस से हो जाते हैं। उन्हें कड़ाके की सर्दी से बचने के संसाधन ना हो पाने के कारण खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसे लेकर उनकी चिंताएं साफ देखने को मिल रही हैं। हालांकि हर साल कुछ सक्षम व्यक्ति एवं कुछ संस्थाएं सर्दी के मौसम में गरीबों की सहायतार्थ लिहाफ, कंबल अथवा गर्म कपड़े आदि वितरित करने का पुण्य कार्य करते हैं लेकिन उन संस्थाओं अथवा सक्षम व्यक्तियों द्वारा यह कार्य देरी से करने को लेकर गरीब शुरुआती जाड़े से बेहाल रहते हैं। ऐसे में जहां एक ओर सक्षम व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सर्दी के मद्देनजर समय रहते अपने इस पुण्य के कार्य को अंजाम देने के बारे में विचार करना चाहिए।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने बीएसए से की महत्वपूर्ण मुलाकात



बिजनौर (चिंगारी)। जनपद में शिक्षकों की बढ़ती और लंबे समय से लंबित समस्याओं को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) का प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला। संघ ने शिक्षकों से संबंधित 15 प्रमुख मुद्दों को विस्तारपूर्वक रखते हुए उनके त्वरित निस्तारण की मांग की। संघ ने बीएसए के समक्ष जिन समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की, उनमें वेतन अवरुद्धता,चयन/प्रोन्नत वेतनमान, सेवा पुस्तिका अद्यतन व पूर्णता, अवकाश स्वीकृति में देरी, पेंशन संबंधी अड़चनें,महिला शिक्षिकाओं को 30 दिन का बाल्य देखभाल अवकाश प्रदान करने की आवश्यकता जैसी महत्वपूर्ण माँगें शामिल थीं। बीएसए ने सभी बिंदुओं का संज्ञान लेते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शिक्षक हितों से जुड़े मामलों के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। शीघ्र ही संबंधित अधिकारियों को इसके लिए पत्र लिखा जाएगा। शिक्षकों का डीए तथा बोनस अगले सप्ताह तक शिक्षकों के खातों में भेज दिया जाएगा। संघ ने बीएसए के सकारात्मक रुख का स्वागत करते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान से शिक्षकों में कार्य संतुष्टि और विश्वास दोनों बढ़ेंगे। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष सुधीर यादव जिला मंत्री राहुल राठी, जिला प्रवक्ता अंगजीत चौधरी, जिला मंत्री तरुण गुप्ता, प्रांतीय संयुक्त मंत्री विश्वपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष नजमा खातून, जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया अफजाल, ब्लॉक अध्यक्ष अल्हैपुर अर्चना सिंह, मंत्री,जय सिंह, हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष प्रमेंद्र रायसन, सचिन राजपूत, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष हितेश कुमार उपस्थित रहे। बीएसए से वार्ता के बाद संघ की संक्षिप्त बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें आगामी 24 नवम्बर को दिल्ली में होने वाली रैली की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। संघ ने कहा कि जनपद के शिक्षक टेट के काले कानून के विरोध में रैली में पूर्ण एकजुटता के साथ भाग लेंगे।

# डम्पर के ई-रिक्शा में टक्कर मारने से महिला की मौत, चार घायल

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। गुरूवार की शाम उत्तराखंड के गैडीखाता से खनन सामग्री लेकर तेज गति से आ रहे डंपर ने मोटा महादेव भागूवाला बाईपास मार्ग पर ग्राम मोहनपुर के सामने शिव मंदिर के निकट एक ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार महिला खातून पत्नी यूनुस निवासी ग्राम नारायणपुर रतन (50 वर्ष) की मौत हो गई। जबकि ई रिक्शा चालक लियाकत निवासी मोहनपुर, रेशमा, आसमा पुत्री यामीन व रानी निवासी नारायणपुर रतन घायल हो गए। ई-रिक्शा में सवार सभी यात्री भागूवाला से अपने गांव जा रहे थे। तेज गति से आ रहा डम्पर ई-रिक्शा को टक्कर मारने के बाद गहरे खेत में जाकर पलट गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची मंडावली पुलिस व स्थानीय लोगों ने घायलों को उपचार के लिए नजीबाबाद के प्राइवेट हॉस्पिटल में भेजा।

## पत्रकार शहजाद मलिक की वालिदा का इंतकाल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ी निवासी पत्रकार शहजाद मलिक की वालिदा का शुक्रवार को इंतकाल हो गया। उनकी वालिदा के इंतकाल पर परिवार में कोहराम मच गया। नगर के मीडियाकर्मियों ने पत्रकार की वालिदा के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया तथा मरहूमा की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ की। काफी संख्या में गांव के लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक जताया।**


## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम Shadab था अब मैंने अपना नाम बदलकर Shadab Salmani रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये।
Shadab Salmani S/o Rashid
Zulfukarpur Garhi, Najibabad
(Bijnor) U.P. 246763




विकास को लेकर चर्चा करते खुर्शीद मंसूरी।

## चेयरमैन ने साहनपुर के विकास को लेकर की चर्चा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें साहनपुर के विकास व अन्य आवश्यक मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति एवं नगर की मूलभूत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर विकास कार्य को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, ईओ अनूप रावत, कार्यालय लिपिक सादिक बेग, सभासद शद्दन खान, शहजाद अंसारी, फुरकान, शाहिद, इरशाद, मुस्तकीम, कासिम, इकबाल मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने करोड़ों की चोरी के खुलासे पर पुलिस को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने थाना पुलिस द्वारा बर्तन व्यापारी योगेश तायल के यहां हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा करने पर पुलिस टीम को सम्मानित किया। संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, प्रदेश मंत्री श्रीमती बिन्दू सर्राफ के नेतृत्व में मधु माहेश्वरी, सरोज बाला, नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, रईस कुरैशी, नगर सचिव धीरज झा, नगर युवा अध्यक्ष शेर अली, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, शाखा अध्यक्ष असलम, शाखा उपाध्यक्ष सिताब खान, राजेश तागरा, फरत अली आदि ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह, सराय चौकी प्रभारी सौरभ सिंह आदि पूरी पुलिस टीम को इसके लिए बधाई देते हुए सम्मानित किया। व्यापारियों ने कहा कि पुलिस टीम ने बर्तन व्यापारी की चोरी में मेहनत कर वास्तविक चोरों को पकड़कर वास्तविक माल बरामद किया है जो सराहनीय है।



थाना प्रभारी राहुल कुमार को सम्मानित करते व्यापारी।

## पुलिस ने सेंटमैरी के विद्यार्थियों को दी साइबर क्राइम की जानकारी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। सेंट मैरीस इंटर कॉलेज मंडावली में गुरुवार को सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह तथा थाना अध्यक्ष मंडावली पुष्पेंद्र सिंह ने विद्यालय प्रबंधक फादर जोस आलूकल व प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्टी की उपस्थिति में छात्र, छात्राओं को साइबर क्राइम व यातायात के नियमों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस कभी भी किसी को साइबर अरेस्ट नहीं करती है, ना ही कोई भी धनराशि किसी भी कार्य के लिए लेती है, यदि आप किसी साइबर ठगी के झांसें में आ जाते हैं तो तुरंत 1930 पर फोन करके सूचित कर दे, जिससे पुलिस द्वारा आपकी मदद की जाएगी। कभी भी किसी को अपना पिन नंबर, ओटीपी ना बताएं ना ही अपना आधार व एटीएम साझा करें ये अत्यंत गोपनीय दस्तावेज हैं इन्हें सुरक्षित रखें। यातायात के नियमों के विषय में उन्होंने बताया कि हमेशा हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन व सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चलाए। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस हमेशा आप सभी की सुरक्षा के लिए तैयार है। विद्यालय के प्रबंधक फादर जोस आलूकल ने छुट्टी के समय पुलिस ड्यूटी लगाई जाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन आलोक त्यागी ने किया। इस मौके पर एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई दयानंद, उप प्रधानाचार्य सिस्टर सांता मारिया, शिक्षक शैलेश सिंह, महेश कुमार, गजे सिंह, विशाखा, शिवओम राजपूत, बिजेंद्र सिंह, पंकज सिंह, रविकांत वर्मा व विद्यालय के छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।




## प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत को मिले दो उत्कृष्ट सम्मान

नजीबाबाद (चिंगारी)। इम्पीरियल इन्टरनेशनल स्कूल, नजीबाबाद की डायरेक्टर एकेडमिक/प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत को ऑल इंडिया प्रिंसीपल एसोसिएशन के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में विशेष आमन्त्रित शख्सियत के तौर पर 11 नवम्बर 2025 को शिक्षा शिखर सम्मेलन में जीआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टैक्नोलॉजी, राजपुर रोड, देहरादून में आमंत्रित किया गया। इस शिक्षा शिखर सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को एक अच्छे एवं चहुंमुखी आकृति प्रदान कर उनका मार्ग प्रशस्त करने के फलस्वरूप प्रधानाचार्या डॉ0 अंजना राजपूत को डॉ0 नवदीप भारद्वाज, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फाउण्डर एआईपीए द्वारा शिक्षा पदम सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर वाईबेन्ट विजुअल मीडिया नर्चरिंग सोसाइटी की ओर से प्रधानाचार्या डॉ. अंजना: राजपूत को विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक स्तर को सही मार्गदर्शन देने एवं अभिभावकों को समय-समय पर उनके बच्चों के अच्छे शैक्षणिक विकास तथा पोषणयुक्त शारीरिक संरचना व स्वस्थ मानसिक विकास को बनाये रखने हेतु प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय समिति का सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। प्रधानाचार्या को मिले इस दोहरे सम्मान से विद्यालय चेयरमैन ओम प्रकाश राजपूत, एमडी अशोक राजपूत एवं प्रबन्धक दीपक राजपूत ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।




प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत को सम्मानित करते हुए।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 121 मरीजों की जांच की

नजीबाबाद (चिंगारी)। चावरा सेवा समाज एवं सेंट मैरिज अस्पताल नजीबाबाद की ओर से मारिया भवन नत्थेवाली में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ चावरा सेवा समाज के निदेशक फादर सीरियक, सेंट मैरिज अस्पताल के डॉ. फादर जोस पड्याटी, डॉ. अनामिका, डॉ. कमरान, सिगोडफ्री ने दीप जलाकर किया। शिविर में संस्था निर्देशक फादर सीरियक ने सभी रोगियों को इस शिविर से स्वास्थ्य लाभ उठाने के बारे में बताया। डॉ. अनामिका ने भी रोगियों से स्वास्थ्य से सम्बंधित समस्याओं को सांझा करने की अपील की। शिविर में डॉ. कामरान, सूरज (नेत्र तकनीकी), सि. गोडफ्री पंकज, मन्नवर (फार्मासिस्ट) ने सहयोग दिया। शिविर में 121 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गयी। क्षेत्रीय समन्वयक ने प्रेरिका रत्ना प्रभा ने सभी का स्वागत किया।



शिविर में मरीजों को दवा वितरित करते हुए।

# जीआईसी में ब्लॉक स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव आयोजित

## छात्राओं ने प्रस्तुत किये अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत तीलू रौतेली चौक स्थित राजकीय इंटर कालेज में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। महोत्सव का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद, पूर्व पीटीए अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल व स्थल संयोजक प्रधानाचार्य नागेंद्र चौहान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि सामाजिक विज्ञान विषय का ज्ञान भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में लाभप्रद रहता है। तत्पश्चात महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मॉडल प्रतियोगिता में हनुमंती संकुल की कुमारी साक्षी प्रथम व सिताबपुर संकुल की सुहाना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में राउमावि उमरेला की दिव्यांशी ने पहला, राकउमावि बालिका नगर क्षेत्र की जेनेश्वरी ने दूसरा और राबाइंका लालपानी की मानसी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सामाजिक क्विज में राउप्रावि मोहरा की कु. पिया रावत पहले व राइंका सुखरौ की अंशिका जखमोला दूसरे स्थान पर रही। महोत्सव में दुगड्डा ब्लॉक के 11 संकुल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मुकेश रावत, सीतांशु खुगशाल, अनूप नेगी, मोनिका रावत, आराधना कुकरेती, संतोष नेगी, विपिन चौहान ,ओमप्रकाश तिवारी, सुदीप गुसाई, दीपक गुसाई और अंजना संतोषी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## शराब पीकर कर रहे थे हंगामा पुलिस ने एक दर्जन को थामा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पुलिस कप्तान पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा धार्मिक स्थानों तथा खुले स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश के तहत थानाध्यक्ष लक्ष्मण झूला संतोष पैथवाल द्वारा क्षेत्र में चार अलग-अलग विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। जिनके द्वारा बीते दो सप्ताह में करीब एक दर्जन से अधिक हुड़दंगियों के विरुद्ध कढ़ी कानूनी कार्यवाही की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में हुड़दंग करने वाले हुड़दंगियों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे हुड़दंगियों के विरुद्ध चिन्हीकरण की कार्यवाही लगातार तेज की जाएगी। पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेश असवाल, अमित भट्ट, सुरेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह और विनोद चमोली तथा हेड कां. रविन्द्र भोज, चंद्रशेखर, नरेश पंवार, राजीव कवि, देवेंद्र, विनोद और लक्ष्मण सिंह शामिल थे।

## एसजीआरआर में तीसरे दिन भी हुई खेल प्रतियोगिताएं

### लालीपॉप रेस में करन एवं वैष्णवी रहे प्रथम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में खेल सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी है। सप्ताह के तीसरे दिन गुरूवार को भी विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तीसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रीप्राइमरी वर्ग की लालीपोप रेस बालक वर्ग में करन प्रथम, शिवांश बिष्ट द्वितीय एवं आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में वैष्णवी ने प्रथम, अविका रावत ने द्वितीय एवं रूहिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग बाल विद बास्केट रेस बालिका वर्ग में स्नेहा भाटिया प्रथम, सुहानी द्वितीय एवं अवनी एवं श्रद्धा अमोली संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालक वर्ग में अयांश रावत ने पहला, आरव सिंह ने दूसरा और शिवांश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस छात्रा वर्ग में आस्था विजेता व दीपिका उप विजेता ही। बालक वर्ग में अर्णव रावत विजेता व अंश उपविजेता रहे। वॉलीबाल छात्र वर्ग में तिलक हाउस विजेता और रमन हाउस उपविजेता रहे। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## हेड हेरिटेज एकेडमी में हुआ कॉलेज फेयर का आयोजन



आयोजित कालेज फेयर में छात्रों को जानकारी देते यूनिवर्सिटी प्रतिनिधि।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत गाड़ीघाट स्थित हेड हेरिटेज एकडेमी में गुरूवार को साल के दूसरे कॉलेज फेयर का आयोजन किया गया। फेयर में प्रतिभागी कालेज व यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों ने छात्रों को उनके कालेज में चयन एवं गुणवत्ता पर जानकारी दी। एकेडमी प्रधानाचार्य डॉ. रूपमाला सिंह ने बताया कि फेयर में पारूल यूनिवर्सिटी, फोनिक्स यूनिवर्सिटी, डीआइटी, आइएमएस यूनिसन, जीआरडी कालेज व डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी शामिल रहे। इस अवसर पर छात्रों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। अंत में निर्देशक सेनि. कर्नल कुंवर अजय सिंह ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं प्रतिभागी सभी कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## आर्यभट, रमन, भाभा व रामानुजन सदनों के बीच हुई रेस प्रतियोगिताएं

### बालक-बालिकाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सनेह क्षेत्र के अन्तर्गत लालपानी स्थित श्री गुरू रामराय पब्लिक स्कूल में चल रहे खेल सप्ताह के तीसरे दिन गुरूवार को बुक रेस, चेयर रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तीसरे दिन की प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्री प्राइमरी चेयर रेस में आर्यभट सदन के अक्षत, रमन सदन की रिधिका, आर्यभट सदन की चित्रा, बुक रेस प्राइमरी बालक वर्ग में आर्यभट सदन के शुभांकर ढौंढियाल, रमन सदन के भवनीत रावत, रामानुजन सदन के रौनक नेगी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग वॉलीबाल फाइनल में आर्यभट सदन ने रामानुजन सदन को पराजित किया। जबकि बालक वर्ग में रमन सदन विजयी रहा। प्री-प्राइमरी वर्ग स्पून रेस रामानुजन सदन के समर नेगी प्रथम, आर्यभट सदन के अनिरुद्ध द्वितीय, भाभा सदन की अनोखी उनियाल तृतीय स्थान पर रही। जूनियर और सीनियर वर्ग क्रिकेट मैच में आर्यभट सदन विजयी रहा। जबकि प्राइमरी वर्ग क्रिकेट मैच में भाभा सदन ने फाइनल मैच में जीत दर्ज की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विभाकर डबराल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## टैगू भाई को हरिद्वार में कनखल घाट पर नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई



स्व. टेगू भाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हंस फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट (टैगू भाई) का कल हरिद्वार के कनखल घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड के अनेक नागरिकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल निवासी पदमेंद्र सिंह बिष्ट वर्ष 2010 से हंस फाउंडेशन के उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के प्रभारी थे। विगत एक वर्ष से वह अस्वस्थ चल रहे थे। कुछ दिन पूर्व ही उपचार के लिए दिल्ली गए थे। बुधवार को उनका निधन हो गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए कोटद्वार समेत पूरे उत्तराखंड से तमाम नागरिक हरिद्वार पहुंचे थे। इनमें मुख्य रूप से महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, दुबई के उद्योगपति चांद मौला बख्श, भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश त्रिपाठी, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष अजय पंत, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष आशीष बलोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन बिंजौला, अरविंद वर्मा, प्रवेश रावत, अविरल पंत, उद्योगपति गोविंद लड्डा, होटल कॉर्बेट पैराडाइज के महा प्रबंधक तारादत्त जोशी, जौली भाई, महेंद्र बिष्ट, एडवोकेट अनिल खंतवाल, लक्ष्मण सिंह रावत आदि ने अंतिम विदाई दी।

## पर्यटकों के साथ मधुर व्यवहार ही है हमारी संस्कृति की पहचान : प्रेमचंद



### टूर मैनेजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने डाटा कंप्यूटर हरिद्वार रोड, ऋषिकेश में पंद्रह दिवसीय टूर मैनेजर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यटन उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और यहाँ आने वाले पर्यटकों के साथ मधुर व्यवहार ही हमारी संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि टूर मैनेजर राज्य की पर्यटन छवि को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, अत: उनका व्यवहार और मार्गदर्शन पर्यटकों के अनुभव को यादगार बनाता है। कार्यक्रम के दौरान 42 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण पूर्ण किया, जिन्हें प्रमाण पत्र वितरित किये गये। यह प्रशिक्षण 15 दिनों तक चला, जिसमें पर्यटन प्रबंधन, आतिथ्य, आपदा प्रबंधन एवं पर्यटक संवाद कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. अग्रवाल ने पर्यटन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होंगे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

।। ॐ शांति ॐ ।।



अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री कृष्ण अवतार अग्रवाल जी** का स्वर्गवास दिनांक 04 नवंबर 2025 दिन मंगलवार को हो गया है।
उनकी आत्मिक शांति के लिए

**श्रद्धांजलि सभा एवं रस्मपगड़ी**

**दिनांक: 16 नवंबर 2025, दिन रविवार**
**हवन: प्रातः 9:00 बजे**
**ब्रह्म भोज: दोपहर 12:00 बजे**
**रस्मपगड़ी: दोपहर 2:00 बजे**

श्रद्धांजलि स्थल – **राज मिलन बैंक्वेट हॉल,** थाना कोतवाली के सामने, नगीना रोड, बिजनौर।

**शोकाकुल परिवार :-**
वीरबाला जैन (धर्मपत्नी)
ब्रह्म अवतार अग्रवाल – शशि अग्रवाल (भाई-भाभी)
विकास अग्रवाल – दीपा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
विपिन अग्रवाल – संध्या अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
विनीत अग्रवाल – दीपशिखा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
विजय अग्रवाल – रितु अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
मृदुला गुप्ता – विकास गुप्ता (पुत्री-दामाद)
रेनू जैन – सौरभ जैन (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त अग्रवाल परिवार।

**प्रतिष्ठान :-**
सोनिका गारमेंट्स
श्री साँई कलेक्शन
श्री जी ट्रेडर्स
शिव हार्डवेयर
सिद्धार्थ कलेक्शन
लल्लूमल ब्रह्म अवतार
लल्लूमल राम अवतार
भरत ट्रेडर्स

मो॰- 9412568168,9457133246, 9412856723,9411474247


# व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा से परिवहन सेवाएं अब होंगी और आसान

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की व्हाट्सएप आधारित चैटबॉट सेवा (मोबाइल नंबर 8005441222) के माध्यम से अब लोग घर बैठे ही परिवहन संबंधी अनेक सेवाओं एवं सूचनाओं का लाभ सहजता और पारदर्शिता के साथ प्राप्त कर सकते हैं। परिवहन विभाग के अनुसार इसका उद्देश्य नागरिकों को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है। इस चैटबॉट के माध्यम से उपयोगकर्ता अपने मोबाइल पर ही ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, कर भुगतान, फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट और अन्य सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अब नागरिकों को किसी भी परिवहन कार्यालय में अनावश्यक रूप से जाने की आवश्यकता नहीं होगी। केवल मोबाइल नंबर 8005441222 को अपने व्हाट्सएप में सेव करें और Hi या नमस्ते लिखकर संदेश भेजें। चैटबॉट स्वतः ही आगे की प्रक्रिया में सहायता करेगा और संबंधित जानकारी कुछ ही क्षणों में उपलब्ध करा देगा।




Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor


## हिमालय क्षेत्र में मजबूती, चीन के साथ संतुलन के लिए जरूरी है भूटान के साथ संपर्क का विस्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की भूटान यात्रा और थिम्पू में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से उनकी वार्ता दोनों देशों के बीच परंपरागत रूप से प्रगाढ़ द्विपक्षीय संबंधों से बढ़कर महत्व रखती है। भारत द्वारा पश्चिम बंगाल और असम से होकर भूटान को जोड़ने वाली रेल मार्ग परियोजनाओं का प्रस्ताव पड़ोसी देश के साथ आवागमन और व्यापार सुविधा बढ़ाने वाली केवल बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं है, बल्कि इसका एक गहरा रणनीतिक महत्व है। प्रस्तावित रेल लाइन से उस दुर्गम और संवेदनशील त्रिभुजाकार इलाके तक पहुंचने में सुविधा होगी, जहां भारत, भूटान और चीन तीन देशों का मिलन होता है। भूटान के साथ संपर्क को बेहतर करना भारत के लिए लंबे समय से दो दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है। एक तो इससे भूटान के साथ परम्परागत रिश्तों को प्रगाढ़ करने और परस्पर विश्वास की जड़ों को और गहरा करने में मदद मिलेगी। दूसरे, इससे उस क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने में आसानी होगी। हिमालय की गोद में बसा भूटान भी इस पहल को एक आर्थिक अवसर के रूप में तो देखता ही है, साथ ही यह उसके लिए एक रणनीतिक आश्वासन की तरह है।


बिजनौर में खुल गया है
ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के **बादशाह**
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901